हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 36, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 3 अगस्त, 2023 दिन गुरुवार गाजीपुर/वाराणसी

## जब महिलाएं समृद्ध होती हैं, तो दुनिया समृद्ध होती है

### महिला सशक्तिकरण पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री मोदी



गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी बुधवार को महिला सशक्तिकरण पर G20 मंत्रिस्तरीय सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण विकास को गति देता है और उन्हें सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी तरीका 'महिला-नेतृत्व वाला विकास दृष्टिकोण' है।

**'जब महिलाएं समृद्ध होती हैं, तो दुनिया समृद्ध होती है'**– महिला सशक्तिकरण पर पीएम मोदी ने आगे कहा कि जब महिलाएं समृद्ध होती हैं, तो दुनिया समृद्ध होती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण विकास को गति देता है। शिक्षा तक उनकी पहुंच वैश्विक प्रगति को प्रेरित करती है। महिलाओं का नेतृत्व समावेशिता को बढ़ावा देता है और उनकी आवाज सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करती है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी तरीका महिला-नेतृत्व वाला विकास दृष्टिकोण है। भारत इस दिशा में प्रगति कर रहा है।

**गुजरात में डेयरी क्षेत्र से 36 लाख महिलाएं जुड़ी**– सहकारी आंदोलन का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमारे सहकारी आंदोलन की कई सफलता की कहानियां महिलाओं द्वारा संचालित हैं। उन्होंने इसका एक उदाहरण पेश करते हुए कहा, गुजरात राज्य में डेयरी क्षेत्र से है। गुजरात में डेयरी क्षेत्र से 36 लाख महिलाएं जुड़ी हैं।

**भारत में महिलाओं का नेतृत्व..**– विशेष रूप से, जहां तक भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले यूनिकॉर्न का संबंध है, ऐसे यूनिकॉर्न का संयुक्त मूल्य 40 बिलियन डॉलर से अधिक है। हालांकि, हमारा लक्ष्य एक ऐसा स्तरीय मंच तैयार करना होना चाहिए जहां उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाएं आदर्श बन जाएं। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि भारत की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण पर एक नया कार्य समूह स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। गांधीनगर में आपके अथक प्रयास दुनिया भर की महिलाओं को अपार उम्मीदें और आत्मविश्वास देंगे।

**70% ऋण महिलाओं को स्वीकृत किए गए पीएम मुद्रा योजना**– पीएम मोदी ने कहा कि भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास हमारे लिए एक प्रमुख प्राथमिकता रही है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत लगभग 70% ऋण महिलाओं को स्वीकृत किए गए हैं। इसी तरह, स्टैंड अप इंडिया के तहत 80% लाभार्थी महिलाएं हैं जो ग्रीनफील्ड परियोजनाओं के लिए बैंक ऋण ले रही हैं।

**46% निर्वाचित प्रतिनिधि महिलाएं**– पीएम मोदी ने जानकारी दी की लोकतंत्र की इस जननी में भारतीय संविधान द्वारा शुरू से ही महिलाओं सहित सभी नागरिकों को वोट देने का अधिकार समान रूप से दिया गया था। चुनाव लड़ने का अधिकार भी समान आधार पर दिया गया। 14 लाख की आबादी के साथ, भारत में ग्रामीण स्थानीय निकायों में 46% निर्वाचित प्रतिनिधि महिलाएं हैं।

## कूनो नेशनल पार्क में एक और चीता की मौत, अब तक 9 ने तोड़ा दम



भोपाल। मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में चीतों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। बुधवार सुबह यहां एक और चीते ने दम तोड़ दिया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) असीम श्रीवास्तव ने मादा चीता की मौत की पुष्टि की है। मादा चीता का नाम धात्री था। कूनो नेशनल पार्क की तरफ से इस संबंध में एक बयान जारी किया गया है। बयान में कहा गया कि मादा चीता की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए उसके शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। बयान में आगे कहा गया कि कूनो नेशनल पार्क में रखे गए 14 चीते (7 नर, 6 मादा और एक शावक) स्वस्थ हैं। कूनो वन्यप्राणी चिकित्सक टीम एवं नामीबियाई विशेषज्ञ के द्वारा चीतों का लगातार स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। इससे पहले, केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा था कि चीते कूनो नेशनल पार्क में ही रहेंगे। उन्होंने कहा था कि हम अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों समेत विशेषज्ञों के संपर्क में हैं। हमारी टीम वहां का दौरा करेगी। चीतों को शिफ्ट नहीं किया जाएगा और वे कूनो में ही रहेंगे।

## मणिपुर हिंसा पर विपक्ष के सांसदों ने राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन, खरगे ने पीएम पर साधा निशाना




नई दिल्ली। इन दिनों संसद में मानसून सत्र चल रहा है, हर दिन हंगामे में गुजर रहा है। मणिपुर हिंसा को लेकर विपक्ष सदन में पीएम मोदी के बयान पर अड़ा हुआ है। इस कड़ी में मणिपुर हिंसा लेकर विपक्ष के 31 सांसदों ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इंडिया गठबंधन के सांसदों ने राष्ट्रपति से बिना किसी देरी के मणिपुर में शांति और सद्भाव स्थापित करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद मीडिया से कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि आज, इंडिया गठबंधन के 31 सांसदों ने मणिपुर की स्थिति पर राष्ट्रपति से मुलाकात की। हमने राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा है। इससे पहले बुधवार को उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति, जगदीप धनखड़ ने संसद भवन में अपने कक्ष में विपक्ष के नेता (राज्यसभा), मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता, शरद पवार के साथ बातचीत की।

**हरियाणा के नूंह हिंसा का मुद्दा भी उठाया**– ज्ञापन में विपक्षी सांसदों ने कहा है कि प्रधानमंत्री शांति बहाल करने के लिए संघर्षग्रस्त मणिपुर का दौरा करें। साथ ही विपक्षी गुट के 31 नेताओं ने हरियाणा के नूंह में सांप्रदायिक तनाव का मुद्दा भी उठाया और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार को प्रधानमंत्री कार्यालय से बमुश्किल 100 किमी दूर हो रहे घटनाक्रम की कोई परवाह नहीं है।

**मणिपुर का दौरा करने वाले सांसद भी गए थे राष्ट्रपति से मिलने**– कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मीडिया बात करते हुए कहा कि विपक्ष के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में मणिपुर का दौरा करने वाले सांसद भी शामिल थे। सभी ने राष्ट्रपति को मणिपुर की स्थिति से अवगत कराया और अपने विवरण साझा किए। आगे बोले कि हमने राष्ट्रपति से निवेदन किया हैं कि वह प्रधानमंत्री पर मणिपुर की मौजूदा स्थिति पर तत्काल संसद को संबोधित करने के लिए दबाव डालें, जिसके बाद इस मामले पर विस्तृत और व्यापक चर्चा हो।

**राष्ट्रपति ने कहा कि वो इसे जरूर देखेंगी**– मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमने राष्ट्रपति को बताया कि किस तरह से मणिपुर में लोगों के पास खाना नहीं है, पानी नहीं है, बीमार लोगो के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। हमने बताया कि वहां किस तरह की घटनाएं हो रही हैं। खास तौर पर महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के बारे में राष्ट्रपति को बताया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि वो इसे जरूर देखेंगी।

**दो मणिपुरी महिलाओं को राज्यसभा के लिए नामांकित करें**– विपक्षी गुट इंडिया ने बुधवार को सुझाव दिया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राज्य की महिलाओं को हुए गंभीर नुकसान को सुधारने में मदद करने के लिए विभिन्न समुदायों की दो मणिपुरी महिलाओं को राज्यसभा के लिए नामित करें। तृणमूल कांग्रेस नेता सुष्मिता देव ने यह सुझाव तब दिया जब विपक्षी गुट के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से मुलाकात की।

## हरियाणा हिंसाः राज्य सरकार पर बरसीं मायावती कहा पूरी तरह से फेल हो चुकी है कानून व्यवस्था



लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा है कि देश की राजधानी दिल्ली के नजदीक हरियाणा में सांप्रदायिक दंगा भड़कना और गुड़गांव आदि में इसका बिना रोक टोक फैल जाना बेहद दुखद है। लोगों की संपत्तियों की भारी हानि होने से यह साबित होता है कि हरियाणा में मणिपुर की तरह ही कानून व्यवस्था ध्वस्त है। वहां का खुफिया तंत्र निष्क्रिय है। कहा कि केंद्र सरकार इस मामले में हरियाणा की मदद करे। मायावती ने बुधवार को बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि जैसा हरियाणा राज्य का दावा है दंगा विहिप आदि की यात्रा पर पथराव को लेकर शुरू हुआ। इससे यह स्पष्ट है कि हरियाणा सरकार यात्रा को सुरक्षा देने में विफल रही है। कुल मिलाकर इससे वहां की सरकार की नीति, नीयत व कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। जब वहां की सरकार प्रस्तावित यात्रा, जुलूस तक को सुरक्षा नहीं दे सकती है तो ऐसे आयोजन की अनुमति ही क्यों देती है। यह वह सवाल है जिसे हर सरकार को अपने आप से पूछना चाहिए। नूंह की घटना को देखकर लग रहा है कि हरियाणा के पास दंगा व उसे लेकर आगे भड़क रही हिंसा को रोकने की नीयत का अभाव है जो चिंता जनक है। वैसे भी मणिपुर हो या हरियाणा समेत अन्य राज्यों की शर्मनाक घटनाएं, दंगा एवं हिंसा को राजनीति तथा संकीर्ण स्वार्थ पूर्ति का साधन बनने की अनुमति किसी भी राज्य सरकार को नहीं देनी चाहिए। लोगों की जान माल और मजहब की सुरक्षा राज्य सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी बनती है। बसपा ने चार बार हुकूमत कर प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहतरीन बनाई। बसपा की मांग है कि हरियाणा राज्य सरकार को सुरक्षा और अमन चैन बहाली का ईमानदार प्रयास करना चाहिए। केंद्र सरकार को भी राज्य सरकार की मदद को आगे आना चाहिए ताकि वहां हालात आगे न बिगड़ने पाएं। इसकी आशंका को लेकर ही दिल्ली, यूपी व अन्य राज्यों में रेड अलर्ट किया गया है जो उचित कदम भी है।

## नहर में गिरी स्कूल बस, मची चीख-पुकार एक छात्र की मौत, 12 से ज्यादा छात्र घायल



बिजनौर। बिजनौर जनपद के स्योहारा थाना क्षेत्र में बड़ा हादसा हो गया। यहां एक स्कूल बस के नहर में पलटने के कारण एक बच्चे की मौत हो गई है जबकि अन्य कई घायल हुए हैं। घटना की सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं हादसे की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार गांव सदाफल स्थित एनएस इंटरनेशनल स्कूल की बस छुट्टी के बाद बच्चों को छोड़ने के लिए उनके घर जा रही थी कि चालक कृपाल सिंह की लापरवाही से बस बड़ी नहर में गिर कर पलट गई। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नहर में घुस कर बच्चों को बस से निकाला। गनीमत रही कि नहर में पानी नहीं चल रहा था। घटना में एक दर्जन छात्र-छात्राएं घायल हो गए। सभी को निजी चिकित्सक के भर्ती कराने के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। उपचार के दौरान एक छात्र लक्की (8) पुत्र महेश निवासी अलियारपुर की मौत हो गई है।

## गुरुग्राम के बाद अब पलवल में धार्मिक स्थल पर हमला, पेट्रोल बम फेंके, घरों पर किया पथराव



पलवल। नूंह में सोमवार को जलाभिषेक यात्रा के दौरान हुई हिंसक घटना का असर अब तक नजर आ रहा है। कुछ उपद्रवियों ने मंगलवार देर रात पलवल में भी एक समुदाय के धार्मिक स्थल और उनके घरों पर पेट्रोल बम एवं पत्थर फेंके। इससे धार्मिक स्थल में आग लग गई। पत्थरबाजी से कुछ लोगों को चोट भी आई। जानकारी मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसलीन कौर के नेतृत्व में भारी पुलिस मौके पर पहुंची, तब जाकर उपद्रव करने वाले बाइकों पर सवार होकर भाग निकले। पुलिस ने तुरंत दमकल की गाड़ी बुलवाकर आग पर काबू पाया। घायलों को उपचार के लिए पलवल जिला नागरिक अस्पताल में और बाद में नूंह स्थित नल्लड़ अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार सुबह से ही उपद्रवियों की ओर से पलवल में आगजनी की घटनाओं को अंजाम देने के चलते माहौल बेहद तनावपूर्ण रहा। पूरे दिन उपद्रवियों ने शहर में जमकर बवाल मचाया। पुलिस उन्हें एक स्थान पर जाकर रोकने का प्रयास करती तो वे दूसरे स्थान पर जाकर कोई न कोई घटना को अंजाम दे डालते। देर शाम तक यही सिलसिला चलता रहा। पुलिस शाम को लोगों के घरों में घुसने के बाद थोड़ी शांति में बैठी ही थी कि तभी रसूलपुर रोड पर स्थित एक धार्मिक स्थल तथा बाहर बने घरों पर बाइक सवार कुछ नकाबपोशों ने पत्थरबाजी करनी शुरू कर दी। वहीं पुराने जीटी रोड पर पीरवाली गली के पास स्थित धार्मिक स्थल पर पेट्रोल बम फेंककर आग लगा दी। इस घटना के बाद यहां तनाव की स्थिति बन गई। तभी पुलिस बल काफी संख्या में वहां पहुंच गया तथा स्थिति को काबू किया। मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी युनूस अहमद का कहना है कि रात करीब नौ बजे अचानक छह-सात बाइकों पर आए नकाबपोश युवकों ने धार्मिक स्थल और विशेष समुदाय के घरों पर पथराव कर दिया।

## दिल्ली में सनसनीखेज वारदात, बीच सड़क पर युवक की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या; तमाशबीन बने रहे लोग



नई दिल्ली। दिल्ली में दिनदहाड़े एक युवक को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया गया। बताया जा रहा है कि पैसों के विवाद में युवक की हत्या की गई है। मृतक की पहचान संगम विहार के यूसुफ अली (21) के रूप में हुई है। इस घटना का दिल दहला देने वाला वीडियो भी सामने आया है। जिसमें एक युवक यूसुफ पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करते नजर आ रहा है। वहीं, वीडियो में अन्य लोग भी दिखाई दे रहे हैं, जिन्होंने उसे बचाने की कोशिश भी नहीं की। वहीं, कुछ लोग बाद में आते हैं और हत्यारे की पिटाई करते हैं लेकिन तब तक पहुंच देर हो चुकी होती है। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि करीब तीन-चार दिन पहले शाहरुख नाम का एक लड़का पैसों को लेकर उसे धमका रहा था। उन्होंने कहा कि उनके बेटे यूसुफ ने कथित शाहरुख से तीन हजार रुपये उधार लिए थे और वह पीड़ित से पैसे मांग रहा था। वह उस पैसे को चुकाने में सक्षम नहीं था।

## चिदंबरम का सरकार पर तीखा हमला, बोले- संवैधानिक जिम्मेदारी का इंजन बंद करके चाबी फेंक दी है



नई दिल्ली। पूर्व गृहमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने मणिपुर हिंसा को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। चिदंबरम ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने हिंसा प्रभावित मणिपुर के मामले में संवैधानिक जिम्मेदारी का इंजन बंद करके चाबी फेंक दी है। मणिपुर हिंसा मामले में विपक्ष केंद्र सरकार पर राज्य सरकार के खिलाफ कार्रवाई ना करने का आरोप लगा रहा है। चिदंबरम की यह टिप्पणी मणिपुर मामले पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद आई है, जिसमें कोर्ट ने कहा है कि मणिपुर में कानून व्यवस्था और संवैधानिक मशीनरी पूरी तरह से तबाह है। पी.चिदंबरम ने ट्वीट करते हुए लिखा कि मणिपुर सरकार पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को दिल्ली में पीएमओ और इंफाल में सीएमओ तक पहुंचने में कितना समय लगेगा? अगर मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह में कोई भी संवैधानिक नैतिकता है तो उन्हें तुरंत पद छोड़ देना चाहिए। जो राजधर्म निभाते हैं, वही राजधर्म पर भाषण दे सकते हैं। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर हिंसा पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और कहा कि राज्य पुलिस बेहद धीमी गति से मामलों की जांच कर रही है खासकर महिलाओं के खिलाफ अपराध की जांच बहुत धीमी है। कोर्ट ने मणिपुर डीजीपी को समन जारी कर 7 अगस्त तक जवाब मांगा है। चिदंबरम ने कहा कि 'केंद्र सरकार ने संवैधानिक जिम्मेदारी (अनुच्छेद 355 और 356) का इंजन बंद करके चाबी फेंक दी है।' बता दें कि अनुच्छेद 355 के तहत बाहरी आक्रमण और आंतरिक गड़बड़ी की स्थिति में राज्य की सुरक्षा के लिए कदम उठा सकती है। वहीं अनुच्छेद 356 के तहत राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है। विपक्ष मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रहा है। मणिपुर में बीती 3 मई से जातीय हिंसा जारी है, जिसमें अभी तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं।

## बद्रीनाथ धाम में बन रहा पुल हुआ क्षतिग्रस्त अलकनंदा में बहा एक मजदूर, तलाश जारी



चमोली। चमोली में बुधवार को बड़ा हादसा हुआ है। बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत निमार्णाधीन पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। इसमें काम करने वाला एक मजदूर अलकनंदा के तेज बहाव में बह गया। वहीं एक मजदूर को बचा लिया गया है। पुलिस अधीक्षक चमोली परमेंद्र डोभाल ने बताया कि मास्टर प्लान के तहत ब्रह्म कपाल के समीप पुल का निर्माण चल रहा है। इस दौरान हादसा हुआ है। फिलहाल पुलिस मौके पर है और लापता मजदूर की खोजबीन जारी है। बद्रीनाथ मास्टर प्लान के तहत कार्यदायी संस्था प्रोजेक्ट इंप्लीमेंट यूनिट लोक निर्माण विभाग श्री बद्रीनाथ द्वारा निकट ब्रह्म कपाल में अस्थाई पुल का निर्माण कार्य चल रहा था। निर्माण कार्य के दौरान 12.40 बजे निमार्णाधीन पुल क्षतिग्रस्त होकर अलकनंदा नदी में गिर गया। पुल के गिर जाने से दो मजदूर बह गए थे। जिसमें से एक मजदूर सोनू जिसकी उम्र 28 साल है पानी के तेज बहाव में बह गया। वहीं एक और मजदूर जिसका नाम रघुवीर हैं वह स्वयं ही तैर कर किनारे आ गया। बता दें कि रघुवीर की उम्र 30 साल है। रघुवीर को प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्री बद्रीनाथ में भर्ती किया गया है। वहीं सोनू की खोज एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

## संपादकीय

# पर्व-त्योहारों पर क्यों हो रही हिंसा?

किसी भी धार्मिक यात्रा का उद्देश्य और परिणाम सौहार्द का विस्तार होना चाहिए। लेकिन आए दिन यह देखने में आता है कि अलग-अलग समुदायों की ओर से किसी पर्व-त्योहार के मौके पर निकाली जाने वाली यात्राओं के तय मार्ग से अलग रास्ते पर चल पड़ने या फिर किसी अन्य वजह से खड़े होने वाले विवाद के बाद लोग उग्र हो जाते हैं। फिर पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए जरूरी कदम उठाने पड़ते हैं तो उस पर भी सवाल उठते हैं। इसी क्रम में कई बार भीड़ अराजक और हिंसक हो जाती है, जिसमें नाहक ही लोगों की जान चली जाती है। हरियाणा के नूंह में सोमवार को निकाली गई एक धार्मिक यात्रा के दौरान अचानक कुछ लोगों ने पत्थरबाजी कर दी। इसके बाद टकराव इस कदर हिंसक हो गया कि उसमें होमगार्ड के दो जवानों सहित पांच लोगों की जान चली गई, कई बुरी तरह घायल हो गए। हालात को काबू में करने के लिए वहां अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए, कुछ जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई और आसपास के इलाकों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। यानी धार्मिक आयोजन के रूप में जिस यात्रा का हासिल सद्भाव का संदेश होना चाहिए था, वह हिंसक संघर्ष के रूप में तब्दील हो गया। सवाल है कि आखिर वे कौन लोग होते हैं, जिन्हें ऐसे आयोजनों में अचानक दिक्कत हो जाती है या कोई अपनी मंशा के मुताबिक चलने के लिए कानून तक को ताक पर रखने से नहीं हिचकता। विडंबना यह है कि किसी धर्म से जुड़े ऐसे जुलूसों का अराजक हो जाना आम होता जा रहा है। पिछले हफ्ते शनिवार को राजधानी दिल्ली के नांगलोई इलाके में मुहर्रम के जुलूस के दौरान जब एक समूह को तय मार्ग से अलग रास्ते पर जाने से रोका गया तो उसमें शामिल लोगों ने तोड़फोड़ मचा दी और हिंसा पर उतर आए। किसी तरह पुलिस को स्थिति संभालनी पड़ी। इसी तरह, रविवार को बरेली में निर्धारित मार्ग से अलग कांवड़ यात्रा निकालने के सवाल पर लोगों की पुलिस से झड़प हो गई। ऐसे जुलूस निकालने वाले लोगों को आखिर किन वजहों से प्रशासन की ओर से तय मार्ग से अलग किसी और रास्ते पर जाना जरूरी लगने लगता है? क्या इसके पीछे कोई अन्य मंशा काम कर रही होती है? यह किसी से छिपा नहीं है कि किसी भी धार्मिक यात्रा या जुलूस के दौरान सरकार या प्रशासन को सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कई बार भारी संख्या में पुलिस को तैनात करना पड़ता है। मगर पुलिस की मौजूदगी के बावजूद कुछ लोगों के भीतर यह विचित्र जिद पैदा हो जाती है कि वे निर्धारित मार्ग से इतर किसी और रास्ते से जुलूस को लेकर जाएंगे। जबकि विवाद की आशंका के मद्देनजर ही प्रशासन की ओर से धार्मिक यात्राओं या जुलूसों का मार्ग तय किया जाता है। हालांकि धर्म का मर्म जो कहता है, उसके मुताबिक किसी पर्व-त्योहार के मौके पर सभी समुदायों के बीच माहौल में अपने आप ही सौहार्द घुलना चाहिए और इसके लिए सबको अपनी ओर से सजग रहना चाहिए। लेकिन हालत यह है कि ऐसे मौकों पर भारी तादाद में पुलिस बल को तैनात किया जाता है, ताकि कानून व्यवस्था को बनाए रखा जा सके। जरूरत इस बात की है कि आयोजन चाहे किसी भी समुदाय की ओर से हो, धार्मिक जुलूसों के दौरान प्रशासन की ओर से निर्धारित मार्ग के बजाय अगर लोग अन्य रास्ते पर जाने की जिद करने लगें तो इसके लिए आयोजकों की जिम्मेदारी तय की जाए। किसी भी धार्मिक यात्रा की खूबसूरती उसके जरिए सद्भाव का संदेश फैलाने में है।

## आ रहा चुनाव !



भंग हो रही शांति ।
आ रहा चुनाव ।।
हुई हलचल तेज ।
ये कैसा पड़ाव ?
ना भड़काओ हिंसा ।
खेल हुआ पुराना ।।
बदल डालो सोच ।
गढ़ो नया फसाना ।।
हरकतों को ऐसी ।
दे दो अब विराम ।।
रख कर के यह ध्यान ।
पकड़ो नया काम ।।
ओछी हरकत छोड़ कर ।
राह अलग अपनाओ ।।
आ रहीं बाधाएं तो ।
उनको तनिक हटाओ ।।
–कृष्णेन्द्र राय

# सावन के महीने में यादों के झूले

**रमेश सर्राफ धमोरा**

पड़ गए झूले सावन रुत आई रे, सीने में हूक उठे अल्लाह दुहायी रे। ऐसे गाने सावन आते ही लोगों की जुबान पर खुद-ब-खुद आ जाते हैं। पहले सावन शुरू होते ही गांव की गलियों से लेकर शहरों तक झूले पड़ते थे। महिलाएं झूला झूलतीं और गाती थीं। सावन व भादो का महीना हमे प्रकृति के और निकट ले जाता है। झूले झूलने के दौरान गाये जाने वाले गीत मन को सुकून देते हैं। झूले गांव के बागीचों, मंदिर के परिसरों में डाले जाते थे।

सावन को बहुत पवित्र महीना माना जाता है। मान्यता है कि सावन में माता पार्वती ने भगवान शिव की तपस्या करके उन्हें पाया था। सावन दक्षिणायन में आता है जिसके देवता शिव हैं। इसीलिए इन दिनों उन्हीं की आराधना शुभ फलदायक होती है। सावन के महीने में बहुत वर्षा होती है। इसलिये इसे वर्षा ऋतु का महीना या पावस ऋतु भी कहा जाता है।

भारतीय संस्कृति में झूला झूलने की परम्परा वैदिक काल से ही चली आ रही है। श्री कृष्ण राधा संग झूला झूलते और गोपियों संग रास रचाते थे। मान्यता है कि इससे प्रेम बढ़? के अलावा प्रकृति के निकट जाने एवं उसकी हरियाली बनाये रखने की प्रेरणा मिलती है। एक दौर था जब लोगों को सावन के महीने का बेसब्री से इंतजार रहता था। लड़कियां ससुराल से मायके आती थीं। लेकिन अब ये परंपरा खत्म होती जा रही है। अब न तो झूले पड़ते हैं और न गीत सुनाई देतें है।

सावन शुरू हो गया है लेकिन इसका एहसास ही नहीं हो रहा है। उमंग और खुमारी का संगम इसी महीने में हरियाली तीज पर खत्म होता था। सखियों को सुख-दुख बांटने, साथ बैठकर मेंहदी लगाने की परंपरा फिर गीत गाना सब गुम हो चुका है। बच्चे अब झूले नहीं वीडियो गेम में मस्त रहते हैं। महिला संगठन भी अब किटी पार्टी जैसे आयोजनों तक सीमित हैं। झूले की परम्परा लुप्त होने के पीछे सबसे प्रमुख वजह मनोरंजन के भरपूर साधनों का होना भी हैं।

सावन के आते ही गली-कूचों और बगीचों में मोर, पपीहा और कोयल की मधुर बोली के बीच युवतियां झूले का लुत्फ उठाया करती थीं। अब न तो पहले जैसे बाग-बगीचे रहे और न ही मोर की आवाज सुनाई देती है। अब बिना झूला झूले ही सावन गुजर जाता है। वन माफियाओं के चलते गांवों में भी बाग-बगीचे नहीं बचे हैं। जहां युवतियां झूला डाल कर झूल सके।



गांवों की बुजुर्ग महिलायें बताती हैं कि सावन आते ही बेटियां ससुराल से मायके बुला ली जाती थीं और पेड़ों पर झूला डाल कर झूलती थीं। त्योहार में बेटियों को ससुराल से बुलाने की परम्परा तो आज भी चली आ रही है। लेकिन जगह के अभाव में न तो कोई झूला झूल पाता है और न ही अब मोर, पपीहा व कोयल की सुरीली आवाज ही सुनने को मिलती हैं। दस साल पहले तक यहां रक्षाबंधन तक झूले का आनंद लिया जाता था। गांव के पेड़ पर मोटी रस्सी से झूला डाला जाता था और सारे गांव की बहन-बेटियां झूलती थीं। अब पेड़ ही नहीं हैं तो झूला कहां डालें। सावन के महीने में नवविवाहित महिलाओं को अपने मायके जाने की परम्परा राजस्थान में तो आज भी चली आ रही है।

अब समय के साथ पेड़ गायब होते गए और उनके स्थान पर बहुमंजिला इमारतों के बनने से आंगन का अस्तित्व समाप्त हो गया। ऐसे में सावन के झूले भी यादें बनकर हमारी परम्परा से गायब हो रहे हैं। जन्माष्टमी पर मंदिरों में सावन की एकादशी के दिन भगवान को झूला झुलाने की परम्परा जरूर अभी भी निभाई जा रही है।

सावन में झूला झूलना मात्र आनंद की अनुभूति नहीं कराता अपितु यह स्वास्थ्यवर्धक प्राचीन योग भी है। सावन में चारो तरफ हरियाली छाई होती है। हरा रंग आंखों पर अनुकूल प्रभाव डालता है। इससे नेत्र ज्योति बढ़ती है। झूला झूलते समय श्वांस-उच्छवास लेने की गति में तीव्रता आती है। इससे फेफड़े सुदृढ़ होते हैं। इसके साथ ही झूलते समय श्वांस अधिक भरा, रोका एवं वेग से छोड़ा जाता है। इससे नवीन प्रकार का प्राणायाम पूर्ण हो जाता है जो स्वास्थ्य वर्धक है। झूलते समय रस्सी पर हाथों की पकड़ सुदृढ़ होती है। इसी प्रकार खड़े होकर झूलते समय झूले को गति देने बार-बार उठक-बैठक लगानी पड़ती हैं। इन क्रियाओं से एक ओर हाथ, हथेलियों और उंगलियों की शक्ति बढ़ती है वहीं दूसरी ओर हाथ-पैर और पीठ-रीढ़ का व्यायाम हो जाता है।

अब वक्त ने ऐसी करवट ली है कि सावन तो आता है पर अपने रंग नहीं बिखेर पाता। जिस सावन के आते ही नववधु ससुराल से मायके पहुंच जाती थी। अब वैसा सावन नही होता है। झूले की परम्परा लुप्त होने के साथ ही सावन भादों की खुशबू अब कहीं नहीं दिखती है। कुछ स्थानों को छोड़ कर लोग इसका आनंद नहीं ले पा रहे हैं। झूलों के नहीं होने से हमे लोक संगीत भी सुनने को नहीं मिलता है। आधुनिकता की दौड़ में प्रकृति के संग झूला झूलने की बात अब कहीं नहीं दिखती है। आज से दो दशक पहले तक झूलों और मेंहदी के बिना सावन की परिकल्पना भी नही होती थी।


आज के समय में सावन के झूले नजर नहीं आने का कारण जनसंख्या घनत्व में वृद्धि के साथ ही वृक्षों की कटाई हैं। लोग अब घर की छत पर या आंगन में लोहे के झूले पर झूलकर मन को संतुष्ट कर रहे हैं। बुद्धिजीवी वर्ग सावन के झूलों के लुप्त होने की प्रमुख वजह सुख सुविधा और मनोरंजन के साधनों में वृद्धि को मान रहे हैं।

झूला झूलने के खत्म हुए रिवाज के लिए गांवों में फैल रही वैमनष्यता भी जिम्मेदार हैं। पहले गांव के लोग हर बहन-बेटी को अपनी मानते थे लेकिन अब जमाना बदल गया है। जिसके हाथ में रक्षा सूत्र बांधा जाता है वही भक्षक बन जाता है। बाग-बगीचों के खात्मे के साथ जहां मोर-पपीहों की संख्या घटी है वहीं भाईचारे में कमी आई है। नतीजतन झूला-झूलने की परम्परा को ग्रहण लग गया है।

पहले संयुक्त परिवार में बड़े-बूढ़ों के सानिध्य में लोग एक दूसरे के घरों में एकत्रित होते थे। आज बढ़ती एकल परिवार की प्रवृति ने आपसी स्नेह को खत्म कर दिया है। महिलाएं सामुदायिक केन्द्रो में जाकर पर्व मनाती हैं। शहरों में अब झूले डालने के लिए जगह की तलाश करनी पड़ती है। अब तो पारम्परिक पहनावा भी आधुनिकता की भेंट चढ़ गया है। अब छुट्टी के दिन लोग परिवार के साथ बाग-बगीचों में जाकर सावन का त्यौहार मनाने की रस्म पूरी करते हैं। वर्षा ऋतु में सावन की खूबियां अब किताबों तक ही सीमित रह गई हैं। अब प्रकृति के साथ जीने की परम्परा भी थमती सी जा रही है।

# बाल सुरक्षा में हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**हेमेन्द्र क्षीरसागर**



बच्चे मन के सच्चे होते हैं, वह सबको प्यारे होते हैं बावजूद बचपन दुर्भाग्यवश खोता जा रहा है। भारत के बच्चों को हिंसा, दुर्व्यवहार और शोषण से बचाना। परिणाम स्वरूप लाखों बच्चे हिंसा, दुर्व्यवहार और शोषण का शिकार होते हैं। बच्चों के खिलाफ हिंसा व्यापक है और यह भारत के सभी सामाजिक-आर्थिक वर्गों के लाखों बच्चों के लिए कठोर वास्तविकता है। बेशक, बाल सुरक्षा वास्तव में महत्वपूर्ण है क्योंकि वयस्कों के रूप में यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी देखभाल में बच्चों को नुकसान से बचाएं। जब तक वे इतने बड़े नहीं हो जाते कि वे स्वयं निवारक उपाय कर सकें। सुरक्षित न रहने के परिणामों को समझ सकें। वयस्कों को सभी रूपों में बाल सुरक्षा पर अच्छी समझ होनी चाहिए।

**संवैधानिक गारंटी**– संवैधानिक गारंटी जो विशेष रूप से बच्चों के लिए हैं। उनमें शामिल हैं: 6-14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा का अधिकार (अनुच्छेद 21 ए) 14 वर्ष की आयु तक किसी भी खतरनाक रोजगार से संरक्षित होने का अधिकार (अनुच्छेद 24) अपने बच्चों को प्यार, सुरक्षित और सुरक्षित महसूस करने में मदद करें। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत, बच्चे का अर्थ वह व्यक्ति है जिसने अपनी आयु का चौदहवाँ वर्ष पूरा नहीं किया है। बाल विवाह निरोधक अधिनियम, 1926 के तहत, बच्चे का अर्थ वह व्यक्ति है, जिसने यदि पुरुष है, तो 21 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है और, यदि महिला है, तो 18 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है।

**छोटे बच्चों की सुरक्षा**– अपने बच्चे से कहें कि जब आप आसपास न हों तो उन लोगों से बात करने से बचें जिन्हें वे नहीं जानते। सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा जानता है कि उसे कभी भी अजनबियों के साथ नहीं जाना चाहिए। सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा यह समझता है कि यदि कोई अजनबी उसके पास आता है तो उसे हमेशा आपको बताना चाहिए और इस बात को कभी भी गुप्त नहीं रखना चाहिए। सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे जानें कि आप उनसे प्यार करते हैं, भले ही वे कुछ गलत करें। अपने बच्चों को प्रोत्साहित करें. उनकी उपलब्धियों और प्रतिभा की प्रशंसा करें। अपने बच्चों के साथ समय बिताएं।

**बच्चों के अधिकार**– यूएनओ द्वारा बच्चों को क्या अधिकार दिए गए हैं। जीने एवं देखभाल प्राप्त करने का अधिकार। परिवार के साथ रहने का अधिकार। अच्छे स्वास्थ्य एवं बेहतर शिक्षा का अधिकार। आराम करने, खेलने एवं मनोरंजन का अधिकार। आर्थिक एवं शारीरिक शोषण से सुरक्षा का अधिकार। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि इन अधिकारों का पालन बेहद कम दृष्टिगोचर होता है। अधिकांशतः इनका हनन ही देखने को मिलता है। यद्यपि इस हनन के खिलाफ शिकायत अवश्य की जा सकती है। यदि आपके सामने भी बाल अधिकारों का हनन हो रहा हो तो हो तो हम जिले की बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड और राष्ट्रीय राज्य बाल आयोग को लिखित में शिकायत कर सकते हैं।

**बाल सुरक्षा नीति**– बाल सुरक्षा नीति बच्चों की सुरक्षा के प्रति हमारी जिम्मेदारी को प्रदर्शित करती है। जिसमें सहयोग में कार्यरत कर्मचारियों के साथ-साथ जो भी सहयोग के साथ जुड़ाव करता है। उन सभी को बच्चों की सुरक्षा व उनके साथ दुर्व्यवहार विशेषतौर पर यौन दुर्व्यवहार को रोकना है। सुरक्षा वह सब कुछ है जो लोग खुद को या दूसरों को हानिकारक दुर्घटनाओं से बचाने के लिए करते हैं। लोग सुरक्षा उपायों का पालन कर दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। सुरक्षा उपायों में यह जानना शामिल है कि कोई दुर्घटना कब हो सकती है और फिर उसे होने से रोकने के लिए कदम उठाना शामिल है।

## दीदी अभियान के तहत पुलिस स्कूल और बाजारों में दे रही है दस्तक

प्रखर खेतासराय जौनपुर। योगी सरकार के कड़े तेवर से सूबे की पुलिस महिलाओं और छात्राओ आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए अब दीदी अभियान को गति दे रही है । बुधवार को विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने एंटी रोमियो अभियान चलाते हुए मनचलों को कड़ी चेतावनी दी। कन्या इंटर कॉलेज में गोष्ठी कार्यक्रम करके जागरूक किया । पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा के निर्देश पर एसएचओ राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में महिला कॉन्स्टेबल प्रीति मिश्रा, सब्बया सिंह, अंतिम सिंह, राखी ने चौराहा पुलिस बूथ, गुलशन मार्किट, असलम कटरा, मछली मार्केट में एंटी रोमियो अभियान चलाते हुए महिला और युवतियों को सुरक्षा का भरोसा देते हुए बेखौफ होकर आने जाने का विश्वास दिलाया। इसके अलावा शिक्षण संस्थानों तथा सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक खड़े युवकों की जमकर क्लास लिया। इससे मनचलों में हड़कंप मचा रहा। सार्वजनिक स्थानों पर कइयों के लगी फटकार से युवाओं की टोली खिसकती देखी । इस दौरान कई बुजुर्ग महिलाओं को भी पुलिस टीम पानी का बोतल देते हुए नजर आए । कन्या इंटर कालेज में बोलते हुए एसएचओ राजेश कुमार यादव ने कहा कि अपराध को छुपाने से अपराधियो को और बल मिलता है, मिशन शक्ति और दीदी कार्यक्रम के तहत आपको भरोसा दिलाया जाता है । आप डरे नही, पुलिस को जरूर सूचित करें । आपके की पहचान सार्वजनिक नही होगी । शोहदों और असमाजिक तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जाएगी ।

# स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान सपा को फायदा नहीं बल्कि बहुत बड़ा नुकसान पहुँचाएंगे

**मृत्युंजय दीक्षित**

उत्तर प्रदेश में सभी दलों ने लोकसभा चुनावों की तैयारियां तेज कर दी हैं। जैसे ही राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी दलों ने आई.एन.डी.आई.ए. नाम से अपना नया महागठबंधन बनाया वैसे ही उत्तर प्रदेश में भी सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों ही खेमों ने अपनी अपनी धड़ेबंदी और बयानबाजी आरम्भ कर दी। चुनावी प्रक्रिया के पहले सभी राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनैतिक दल स्वाभाविक रूप से अपनी अपनी भूमिका का भी निर्धारण करते हैं। इसी प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश की राजनीति में दोनों खेमों की बढ़त को रोकने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी ने अकेले ही चुनावी मैदान में उतरने की घोषणा कर दी है और बहन मायावती की ओर से बहुत सधे हुए बयान आ रहे हैं। इसके उलट विगत विधानसभा चुनाव में जो दल समाजवादी पार्टी के खेमे में थे उनमे से अधिकांश भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन में शामिल हो चुके हैं जबकि कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों से भाजपा नेतृत्व लगातार संपर्क स्थापित कर उनसे बातचीत कर रहा है। प्रदेश में लगभग सभी दल जातिगत आधार पर अपना गणित फिट करने के लिए काम कर रहे हैं जिसमें समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन जातिगत जनगणना की मांग को लेकर आगे बढ़ रहा है, इस विषय पर समाजवादी नेता लगातार बयानबाजी कर रहे हैं और सपा का बौद्धिक प्रकोष्ठ संगोष्ठियां आयोजित कर वातवारण को गरमाने की सियासत कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी आगामी चुनावों उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों को जीतने के लिए लगातार काम कर रही है और वह भी दूसरे दलों के ऐसे नेताओं को जिनका अपना एक बड़ा जातिगत आधार है, उन्हें पार्टी में शामिल करने का अभियान चला रही है।



विगत दिनों प्रदेश की राजनीति में दो ऐसे बयान आये हैं जिनसे यह साफ हो गया है कि 2024 लोकसभा चुनावों के लिए प्रदेश में जातिगत राजनीति पुनर्जीवित की जा रही है। समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य जो 2017 का विधानसभा चुनाव भाजपा के टिकट पर जीते थे और मंत्री बने थे, वह 2022 के विधानसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी को धोखा देकर अपने कुछ सहयोगियों के साथ सपा में वापस जाकर सपा के टिकट पर लड़े थे और हार गये थे। अब वह लोकसभा चुनावों को देखते हुए अपनी राजनैतिक टीआरपी बढ़ाने के लिए बेहद व्याकुल हैं। वह लगातार ओछे और विकृत बयान दे रहे हैं और उन्हें लग रहा है कि वह ऐसा करके समाजवादी पार्टी के हित में काम कर रहे हैं।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने सर्वप्रथम हिंदू जनमानास के सबसे पवित्र धर्मग्रंथ रामचरित मानस पर ही अभद्र टिप्पणी की फिर संत समाज का भी अपमान किया। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि निजी हित के लिए स्वामी प्रसाद मौर्य हिंदू समाज के खिलाफ नफरत उड़ेल रहे हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों से हिंदू समाज लगातार आहत हो रहा है। जब रामचरित मानस का प्रकरण थोड़ा ठंडा पड़ने लगा तो उन्होंने हिंदू समाज के सर्वाधिक पवित्र तीर्थों से एक बदरीनाथ धाम को लेकर ही एक विवादित बयान दे डाला। सपा नेता के इस बयान से राजनीति गर्मा गयी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इस विवाद में कूद पड़े और स्वामी प्रसाद मौर्य को चेतावनी दे डाली। वहीं बसपा नेत्री मायावती ने भी बदरीनाथ धाम के मुद्दे पर सपा नेता मौर्य पर तीखा हमला बोला है। स्वामी प्रसाद मौर्य घोर जातिवादी व नफरत से भरे नेता हैं जो अपने बयानों को और कड़वा बनाकर वातावरण को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा को चेतावनी जारी कर कह रहे हैं कि भाजपा के लोग साजिश के तहत मंदिर-मस्जिद के मामले को उठाकर हर मस्जिद में मंदिर खोजने की बात करेंगे तो यह परंपरा उन्हें महंगी पड़ेगी, अगर हर मंदिर में मस्जिद खोजोगे तो लोग हर मंदिर में बौद्ध मठ खोजना शुरू करेंगे क्योंकि इतिहास और साक्ष्य के प्रमाण हैं कि जितने भी हिंदू धर्म के तीर्थस्थल हैं वह सभी बौद्ध मठ पर बने हैं।

## एसपीसी दिवस पर महिलाओं और बच्चों को किया गया जागरूक



प्रखर वाराणसी। बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज जक्खिनी में एसपीसी दिवस मनाया गया। उक्त अवसर पर एस आई व एसपीसी नोडल अनिल कुमार यादव ने छात्राओं (स्टूडेंट पुलिस कैडेट) को बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। अनिल कुमार यादव ने एसपीसी छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया व उससे जुड़े अपराधों की जानकारी हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें, एस आई स्नेहलता शुक्ला ने छात्राओं को बाल हिंसा तथा महिला हिंसा को रोकने के लिए उठाए गए प्रमुख वैधानिक तथा प्रशासनिक कदम के बारे में बताया। उक्त एसपीसी दिवस के अवसर पर एसपीसी छात्राओं ने नृत्य,गीत,कविता व नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से बाल हिंसा व महिला हिंसा पर लोगों को जागरूक किया। उक्त अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या विद्यावती देवी ने छात्राओं को विभिन्न अपराधों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन वन्दना रानी ने किया व एसपीसी सहायिका रेनू सिंह ने विद्यालय में उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस एसपीसी कार्यक्रम में अनामिका, सरिता देवी व अन्य समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# ब्रजमंडल यात्रा पर हमले के खिलाफ राजकुमार सिंह ने भरी हुंकार, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नूंह (मेवात) में ब्रजमंडल यात्रा पर हुए हमले और हिंसा के विरोध में आज क्षत्रिय महासभा युवा बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद गाजीपुर के कार्यकताओं ने सरयू पांडेय पार्क गाजीपुर में भारी संख्या में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया एवं उपजिलाधिकारी गाजीपुर के माध्यम से राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। धरना को संबोधित करते हुए युवा जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि हिन्दू समाज को जागृत रहने की आवश्यकता है। वर्तमान समय हमारे सनातन धर्म और संस्कृति पर चौतरफा हमला हो रहा है। कोई हमारे धार्मिक यात्रा पर हमला कर रहा है तो कोई धर्मांतरण करा रहा है। ऐसे विधर्मियों को पहचान कर इनसे सजग रहने कि आवश्यकता है। राजकुमार सिंह ने यह मांग किया कि नुंह में जिन झ जिन घरों से ब्रजमंडल यात्रा पर पत्थरबाजी और बमबाजी हुई है उन घरों को पत्थर के ढेर बनाने का हरियाणा की सरकार करें। अन्यथा पूरे देश का



हिन्दू जनमानस शांत बैठने वाला नहीं है। बजरंग दल के जिला सहसंयोजक शिवम् चौबे ने कहा कि ये हमारी भूल है कि हम हिन्दू आपस में एक-दूसरे को ब्राह्मण , राजपूत, यादव, जाट, पटेल, कुशवाहा , गुर्जर दलित, इत्यादि समझते हैं लेकिन विधर्मी और जेहादी मानसिकता के लोग हम सभी को केवल और केवल काफिर ही समझते हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर, केरल, मणिपुर , पश्चिम बंगाल इत्यादि प्रदेशों में हिन्दूओं की जनसंख्या सीमित होती जा रही है और वहां के हिन्दू वहां से पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। शिवम् चौबे ने आगे कहा कि नुंह में ब्रजमंडल यात्रा पर हुए हमले में यदि हरियाणा की सरकार कठोर कार्रवाई नहीं करती है तो बजरंग दल के कार्यकर्ता शांत नहीं बैठेंगे। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता कर रहे विहिप के जिलाध्यक्ष विनोद उपाध्याय ने कहा कि नुंह में ब्रजमंडल यात्रा पर हुआ हमला हम हिन्दूओं के जागरूक होने का अलार्म है तो वहीं हरियाणा की सरकार के लिए शर्म की बात है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर अगर हिन्दूओं को सुरक्षा प्रदान करने और शासन व्यवस्था सही से चला पाने सक्षम नहीं हैं तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बड़े महाराज, विहिप के विभाग अध्यक्ष राजेश उपाध्याय, विभाग सहमंत्री बुद्ध नारायण उपाध्याय, जिला मंत्री विपिन चन्द्र श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष विनीत सिंह, सहमंत्री दिलीप उपाध्याय, सहमंत्री प्रदीप वर्मा, सरोज तिवारी, दयाशंकर बजरंग दल विभाग संयोजक अमित राय, जिला संयोजक रवि राज, जिला सहसंयोजक शिवा सिंह कुशवाहा, नगर विस्तारक सुधाकर राय, नितिन आनंद अग्रहरि, देवब्रत, नारायण दास चौरसिया, नितिन चौबे, गोविंद दास जी, विशाल उपाध्याय, वीरेंद्र राय, संजय यादव, सौरभ शुक्ला, नवीन वर्मा, संगम राय, प्रेम मद्धेशिया, अंकित जायसवाल, मयंक राय, सूरज गुप्ता, भानु राय, विनोद मधुकर, प्रीतम चौरसिया, अनुप गुप्ता, हिमांशु गोंड़, मनोज गोंड़, राजकिशोर राजभर, धर्मेन्द्र कुशवाहा इत्यादि उपस्थित रहे।

## एडीजी दौरे के बाद एसपी ने नौ निरीक्षक तथा 6 उप निरीक्षकों को किया इधर से उधर

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। एडीजी वाराणसी जोन के दौरे के बाद जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने जनपद के कई पुलिस निरीक्षकों तथा उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन करते हुए उनके वर्तमान स्थान से स्थानांतरित करते हुए उन्हें नई तैनाती दी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से देर रात जारी सूची के अनुसार प्रभारी निरीक्षक मरदह राजेश कुमार मिश्रा को प्रभारी निरीक्षक नगसर, प्रभारी निरीक्षक बरेसर धीरेन्द्र प्रताप सिंह को प्रभारी निरीक्षक रेवतीपुर, थानाध्यक्ष रेवतीपुर उप निरीक्षक आलोक त्रिपाठी को थानाध्यक्ष सादात, अतिरिक्त निरीक्षक मरदह राजेश कुमार त्रिपाठी को प्रभारी निरीक्षक बरेसर, थानाध्यक्ष नोनहरा उ0नि0 प्रमोद कुमार सिंह को थानाध्यक्ष नन्दगंज, प्रभारी निरीक्षक भॉवरकोल सतेन्द्र राय को प्रभारी निरीक्षक शादियाबाद, थानाध्यक्ष बिरनो उ0नि0 राजेश बहादुर सिंह को थानाध्यक्ष भांवरकोल, प्रभारी निरीक्षक दिलदारनगर अशेषनाथ सिंह को प्रभारी निरीक्षक कासिमाबाद, प्रभारी निरीक्षक



शादियाबाद महेश पाल सिंह को प्रभारी निरीक्षक दिलदारनगर, थानाध्यक्ष सादात उप निरीक्षक शैलेश कुमार मिश्रा को थानाध्यक्ष बिरनो, थानाध्यक्ष नगसर उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार को थानाध्यक्ष रामपुर माझा, थानाध्यक्ष रामपुर माझा उप निरीक्षक संतोष राय को थानाध्यक्ष नोनहरा, प्रभारी निरीक्षक नन्दगंज कमलेश कुमार पाल को प्रभारी ए०एच०टी०यू०, प्रभारी निरीक्षक कासिमाबाद शिवप्रताप वर्मा को प्रभारी चुनाव सेल तथा प्रभारी ए०एच०टी०यू० निरीक्षक राजेश कुमार मौर्या को प्रभारी निरीक्षक मरदह की कमान सौंपी गई है। पुलिस कप्तान ने सम्बन्धित निरीक्षकों व उप निरीक्षकों को आदेश दिया है कि वे इस आदेश का तत्काल अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

## फर्जी पुलिस बनकर में पिकअप लूटने वाले गैंग का सरगना समेत तीन गिरफ्तार, तीन लोग पहले ही जा चुके हैं जेल

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फर्जी पुलिसकर्मी बनकर पिकअप लूटने वाले गैंग के सरगना समेत तीन फरार अभियुक्तों को बुधवार को फूलपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस इसके पहले गैंग तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर चुकी थी।

फूलपुर थाने पर पत्रकार वार्ता के दौरान एसीपी प्रतीक कुमार ने बताया कि 25 जुलाई की रात में बाबतपुर के पास खड़े बदमाशों ने वाराणसी से अयोध्या की तरफ जाते समय पिकअप को चेकिंग के नाम पर रोकते हुए उसे लूट लिया था। उसके बाद सुबह वाहन को छोड़ने के लिए डेढ़ लाख रुपये की मांग की तथा न देने पर चौक थाने में सीज करने की धमकी दी। जिसपर शक होने पर पीड़ित ड्राइवर विनोद कुमार निवासी कटरौली थाना रौनाही जनपद अयोध्या ने फूलपुर पुलिस को तहरीर दी। जिसपर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ 384, 395, 412, 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के तलाश में जुट गई। जिसमें तीन दिन पूर्व रोहित आशीष व चंद्रभूषण मौर्य को पुलिस ने पिकअप समेत खालिसपुर में उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह उसे बेचने जा रहे थे।लेकिन सरगना समेत अन्य अभियुक्त फरार चल रहे थे। पुलिस मुखबिर की सूचना पर बुधवार की भोर में पिंडरा ब्लॉक (मंगारी) के सामने शुभम सिंह, शैलेश उर्फ धीरज यादव, राहुल यादव को गिरफ्तार कर लिया गया।

शुभम सिंह निवासी दरबेशपुर व शैलेश उर्फ धीरज निवासी तुल्लापुर दोनो थाना जलालपुर के खिलाफ जलालपुर, फूलपुर, चंदौली के थानों में आधा दर्जन मुकदमे लूट, हत्या, चोरी व गो तस्करी के मुकदमे दर्ज है। वही राहुल यादव निवासी ताला बेला चोलापुर के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार, एसआई शेषनाथ गोंड़, सिपाही दीपक श्रीवास्तव, हरिकेश यादव, संजय यादव, विवेक मिश्रा व रूपचंद सरोज रहे।

## समाज सेविका मीरा राय को एसडीएम द्वारा अपमानित करने के खिलाफ अधिवक्ता हुए लामबंद

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बुधवार को सिविल बार संघ गाजीपुर की एक आवश्यक बैठक सिविल बार संघ सभागार मे हुई जिसमे समाज सेविका श्रीमती मीरा राय को उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद-गाजीपुर द्वारा अपमानित करने के बाबत चर्चा हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया कि सिविल बार संघ गाजीपुर सेन्ट्रल बार संघ मुहम्मदाबाद के समर्थन में यह प्रस्ताव पारित किया जा रहा है कि उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद का स्थानान्तरण तत्काल किया जाए और हम सभी सेन्ट्रल बार मुहम्मदाबाद के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए समस्या का निराकरण 72 घन्टे के अन्दर किया जाए। अन्यथा



सिविल बार संघ गाजीपुर भी सेन्ट्रल बार मुहम्मदाबाद के आन्दोलन मे सहयोग के लिए बाध्य होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी । सभा कि अध्यक्षता अध्यक्ष सुधाकर राय एडवोकेट व संचालन महासचिव रतन जी श्रीवास्तव ने किया साथ ही सिविल बार के संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेश सिंह, शशि ज्योति पाण्डेय, आत्मा यादव, राजेश प्रताप सिंह, धीरेन्द्र नाथ सिंह,रामयश यादव, ओमप्रकाश गुप्ता ,बृजेश राय,राम अवतार राय ,राजेश राय,राजेन्द्र विक्रम सिंह, अमित सिंह, नवीन कुमार राय, दुर्गेश राय,राकेश,स्वतंन्त्र सिंह,मुन्ना लाल भारद्वाज, आदि ने विचार व्यक्त किया।

## रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का संयुक्त रूप से आभार प्रकट करते हुए सार्वजनिक तौर पर फलदार वृक्ष लगाकर किया वृक्षारोपण

प्रखर पूर्वान्चल हरिद्वार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 103 वें मन की बात कार्यक्रम में देशभर के रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत सम्मलित हुए लाभार्थी रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को उत्तराखंड सरकार द्वारा मन की बात पीएम स्वनिधि परिवार के साथ कार्यक्रम में आमंत्रित कर रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को सम्मानित किए जाने से उत्साहित लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में ग्रीन विस्ता पार्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार प्रकट करते हुए सार्वजनिक तौर पर फलदार वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के पोर्टल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए आने वाले 104 मन की बात के पूरे कार्यक्रम में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम जैसी स्ट्रीट वेंडर्स जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत रेहड़ी पटरी वालों की प्रगति के विषय पर मन की बात किए जाने की मांग को दोहराया` इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के 103वें एपिसोड में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को सम्मानित किया जाना हर्ष का विषय है उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में देश भर की रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को मुख्यधारा में लाने के लिए लगभग एक दर्जन योजनाएं भारतवर्ष की राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही है` संजय चोपड़ा ने कहा आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री मन की बात 104 कार्यक्रम में प्रधानमंत्री रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों पर ही पूर्ण रूप सेअपने विचार व्यक्त कर देशभर के रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को अपना संरक्षण प्रदान करते हुए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेंगे ऐसा हमें विश्वास है 2004 में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपाई द्वारा 20 जनवरी को राष्ट्रीय फेरी नीति घोषित की गई थी जिसके परिणाम स्वरूप रेहड़ी पटरी के व्यापारी अपना स्वरोजगार कर रहे हैं` इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के संगठन मंत्री राजेंद्र पाल ने कहा भारतवर्ष का रेहड़ी पटरी का (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारी स्वयं आत्मनिर्भर रहकर आबादी के क्षेत्र को फ्रूट सब्जी दूध इत्यादि आवश्यक सेवाएं प्रदान करता है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों एक नई पहचान के साथ सामाजिक क्षेत्र में समाज में प्रसारित किया जा रहा है जो कि हर्ष का विषय है` प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड सरकार द्वारा रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को स्वनिधि परिवार को सम्मानित किए जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का संयुक्त रुप से वृक्षारोपण कर आभार जताते लघु व्यापारियों में मोहनलाल पाल, जय सिंह बिष्ट, शंकर चौहान, ओमप्रकाश कालियान, श्याम सिंह, सोनू, मुन्नालाल, सचिन राजपूत, जोगेंद्र कुमार, मनोज पाल, चंदन रावत आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## जगद्गुरु श्री मां श्री लक्ष्मी देवी मिश्रा का धूमधाम से मनाया गया 70 वां जन्मोत्सव

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विश्वप्रसिद्ध आध्यात्मिक संत जगद्गुरु साई मां श्री लक्ष्मी देवी मिश्रा का 70 वां जन्मोत्सव समारोह बुधवार को हरिश्चंद्र घाट रोड स्थित शक्तिधाम आश्रम में धूमधाम से मनाया गया` शक्तिधाम आश्रम के प्रबंधक मनीष गुप्ता एवं डेविड ओग्रेडी ने बताया कि सर्वप्रथम प्रातः काल आश्रम के महंत महामंडलेश्वर स्वामी अनंतदास जी महाराज एवं स्वामी परमेश्वरानंद जी महाराज की उपस्थिति में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के ट्रस्टी के वेंकटरमण घनपाठी के आचार्यत्व में वैदिक विद्वानों द्वारा साईं मां श्री लक्ष्मीदेवी मिश्रा के दीघार्युष्य के लिए वैदिक यज्ञ, पादुका पूजन ,आरती का आयोजन किया गया` तत्पश्चात ब्राह्मण भंडारा, बटुक भंडारा तथा समस्त काशीवासियों के लिए भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया` अपराहन 4:30 बजे से मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं शहर दक्षिणी के विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी के हाथों जरूरतमंद 1000 महिलाओं को साड़ी एवं गमछा का वितरण किया गया।

## अपराध नियंत्रण तथा बाल अपराध निरोधन हेतु चलेगा जागरुकता अभियान



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उ.प्र. बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष राज्य मंत्री डॉ. देवेंद्र शर्मा के जिले में आगमन पर उ.प्र.अपराध निरोधक समिति लखनऊ के प्रांतीय विशेष सचिव मयंक सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने उनका स्वागत अभिनन्दन किया। समिति के पदाधिकारियों ने, मंगलवार को पीजी कालेज स्थित निरीक्षण भवन में अध्यक्ष को जिले में प्रथम आगमन पर अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। औपचारिक वार्ता में राज्यमंत्री से पदाधिकारियों ने समिति के अब तक किये गये कार्यों व क्रिया कलापों पर विस्तृत चर्चा की। समिति के मानवीय व जनोपयोगी कार्यों के सम्पादन पर उन्होंने समिति द्वारा राष्ट्र निर्माण में दिए जा रहे योगदान की प्रशंसा की। बाल अधिकारों के प्रति लोगों में कम जागरूकता पर समिति के पदाधिकारियों द्वारा बाल अधिकारों के बारे में समाज में जागरूकता लाने हेतु कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरूक करने का आश्वासन दिया गया।प्रतिनिधि मंडल में समिति के प्रान्तीय विशेष सचिव मयंक सिंह, जिला सचिव अम्बरीष सिंह, सदस्य विपिन कुमार मिश्रा व कमलेश कुमार शामिल रहे।

## मृदा प्रदूषण, रासायनिक खादों के अंधाधुन्द प्रयोग का परिणाम : निशांत सिंह

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कालेज गाजीपुर में पूर्व शोध प्रबन्ध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी महाविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा विभागीय शोध समिति के तत्वावधान में महाविद्यालय के सेमिनार हाल में सम्पन्न हुई, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र- छात्राएं उपस्थित रही। उक्त संगोष्ठी में कृषि संकाय के कृषि रसायन एवं मृदा विज्ञान विषय के शोधार्थी निशांत सिंह ने अपने शोध प्रबंध शीर्षक "क्रोमियम प्रभावित मृदा में चरणबध्द तरीके से धान और सरसों की फसल में कार्बनिक खाद का प्रभाव" नामक विषय पर शोध प्रबन्ध व उसकी विषय वस्तु प्रस्तुत करते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुन्द प्रयोग से कृषि भूमि प्रदूषित हो गयी है, भारी धातुओं से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण मानव जीवन के लिए एक घातक माना गया है। क्रोमियम एक सर्वव्यापी भारी धातु है जिसमें तीन मुख्य ऑक्सीकरण अवस्थाएँ होती हैं, जैसे क्रोमियम



डबल प्लस, क्रोमियम ट्रीपल प्लस एवं क्रोमियम छः प्लस एक। यह क्रोमियम चमड़े के कल कारखानों, लौह अयस्क खदानों, कपड़ा रंगाई उद्योगों आदि से निकलता है और पर्यावरण में फैल जाता है। हेक्सावलेंट क्रोमियम सबसे जहरीला माना जाता है क्योंकि यह जीवों की बायोमेम्ब्रेन को आसानी से पार कर सकता है और घातक बीमारियों को जन्म देता है। धान और सरसों पर किये गए शोध से यह निष्कर्ष सामने आया है कि क्रोमियम द्वारा हुए प्रदूषण के कारण धान और सरसों के पौधो की वृद्धि में कमी आती है तथा प्रति पौधा उपज घाट जाती है। शोध के दौरान यह देखा गया कि जब धान के भूसे से बनी पोल्ट्री खाद को प्रयोग किया गया तो क्रोमियम से होने वाले नकारात्मक प्रभाव कम हो जाते है, जिसके परिणामस्वरूप पौधो में पत्तियों की संख्या, प्रति पौधा शाखाओं की संख्या, पुष्पगुच्छ की लंबाई, पुष्प गुच्छ की संख्या, प्रति सिलिका में बीजों की संख्या, शुष्क पदार्थ का संचय और प्रति पौधा बीज उपज में वृद्धि पायी गई है। प्रस्तुतिकरण के बाद विभागीय शोध समिति,अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ व प्राध्यापको तथा शोध छात्र-छात्राओं द्वारा शोध पर विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे गए जिनका शोधार्थी निशांत सिंह ने संतुष्टिपूर्ण एवं उचित उत्तर दिया। तत्पश्चात समिति एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ० राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने शोध प्रबंध को विश्वविद्यालय में जमा करने की संस्तुति प्रदान किया। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ० राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के संयोजक प्रोफे० डॉ० जी० सिंह , मुख्य नियंता प्रोफेसर डॉ० एस० डी० सिंह परिहार, शोध निर्देशक एवं कृषि रसायन एवं मृदा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ० अवधेश कुमार सिंह, प्रोफेसर डॉ० अरुण कुमार यादव, डॉ० रामदुलारे, डॉ० कृष्ण कुमार पटेल, डॉ० अमरजीत सिंह, डॉ० सुधीर कुमार सिंह, डॉ० प्रोफेसर डॉ० सत्येंद्र नाथ सिंह, डॉ० हरेंद्र सिंह, डॉ० रविशेखर सिंह, डॉ० योगेश कुमार, डॉ०शिवशंकर यादव एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा शोध छात्र छात्रएं आदि उपस्थित रहे। अंत में अनुसंधान एवं विकास प्रोकोष्ठ के संयोजक प्रोफेसर डॉ० जी० सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पट्टीदारों के विवाद में पहुंचा सिपाही किशोर को जड़ा थप्पड़

प्रखर जौनपुर। खुटहन क्षेत्र के डिहियां गांव में घर के बंटवारे को लेकर दो पट्टीदारों के बीच चल रहे विवाद को सुलझाने पहुंचे थाने के दो सिपाही एक किशोर को थप्पड़ों से पीटना शुरू कर दिए। जिसका किसी ने बीडीओ बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया है। मामला तीन दिनों पूर्व का बताया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर योगेन्द्र सिंह ने अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि ऐसे किसी घटना की शिकायत नहीं मिली है। गांव निवासी विनोद कुमार तिवारी का आरोप है कि उनका अपने पट्टीदार से भूमि और भवन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि थाना और तहसील दिवस पर कई बार प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद भी निस्तारण को लेकर कोई कवायद नहीं की गई। उनका यह भी आरोप है कि वह गत सोमवार को किसी काम से शाहगंज गये थे। मेरी गैरमौजूदगी में घर पहुंचे थाने के दो सिपाही मेरी पत्नी और नाबालिग पुत्र को घर से बाहर हो जाने का फरमान जारी कर दिये।जिसका विरोध करने पर मेरे नाबालिग पुत्र को थप्पड़ों और घूंसो से पीटने लगे। घटना का मेरे घर वालों ने चोरी छिपे वीडियो बना लिया है। जिसको लेकर हम उच्चाधिकारियों तक जाकर न्याय की गुहार लगायेंगे। वायरल वीडियो की पुष्टि प्रखर पूर्वांचल नहीं करता।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व वैदिक सनातन संघ ने ज्ञानवापी में मुसलमानों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए दी नई याचिका



प्रखर वाराणसी। वाराणसी- ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मुकदमे की मुख्य याचिकाकर्ता व विश्व वैदिक सनातन संघ की संस्थापक सदस्य राखी सिंह के द्वारा बुधवार को एक नई याचिका जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश की कोर्ट में लगाई गई है। उक्त याचिका में राखी सिंह ने मुस्लिम पक्ष के ऊपर ज्ञानवापी परिसर में हिंदू प्रतीक चिन्हों को मिटाने का आरोप लगाते हुए। विश्व वैदिक सनातन संघ की मांग है कि ज्ञानवापी परिसर में तत्काल प्रभाव से मुसलमानों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाते हुए संपूर्ण ज्ञानवापी परिसर को न्यायालय के द्वारा सुरक्षित किया जाए। ताकि बिना किसी बाधा के एएसआई सर्वे किया जा सके। उप याचिका पर पर 4 अगस्त 2023 दोपहर 2:00 बजे सुनवाई होनी सुनिश्चित हुई है। बता दें कि यह जानकारी विश्व वैदिक सनातन संघ के केंद्रीय कार्यालय सचिव सूरज सिंह ने पत्र के द्वारा दी है।

### शहर में सड़को पर लग रहे जाम के खिलाफ छात्र नेताओं ने क्षेत्राधिकारी को दिया पत्रक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गाजीपुर के शहरी क्षेत्र में प्रमुख मार्गो पर वाहनों की पार्किंग होने से आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। जिसके खिलाफ छात्र नेताओं ने बुधवार को क्षेत्राधिकारी नगर से मिलकर यातायात व्यवस्था के लिए पत्रक सौंपा। शहर के महुआबाग, मिश्रबाजार,रेलवे स्टेशन होटल रेस्टोरेंट एवं कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर दो पहिया चार पहिया वहां वहां खड़ा कर रास्ता जाम कर दिया जाता है। अधिकतर चौराहों तथा शापिंग मॉल के सामने आलम यह है की कभी कभी सड़क के मध्य तक लोग वाहन खड़ी कर देते है, जिससे आवागमन में हमेशा परेशानी उत्पन्न होती है। इस सम्बंध में छात्र नेता शशांक उपाध्याय, संदीप राय तथा दीपक उपाध्याय आदि ने क्षेत्राधिकारी नगर गौरव सिंह से मिलकर यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए पत्रक दिया।

### धूमधाम से मना सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा का जन्मदिन, केक काटकर मनाई खुशी





प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को देर रात समाजवादी पार्टी के नेता , उत्तर प्रदेश विधान परिषद के संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति के सभापति एवं विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा का जन्मदिन उनके प्रतिनिधि पप्पू लाल श्रीवास्तव के टेढ़ी बाजार स्थित आवास पर बड़े धूमधाम से केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने उनके निरन्तर प्रगति करने और सियासी पायदान पर उत्तरोत्तर आगे बढ़ने की कामना करते हुए उनके दीघार्यु होने की भी कामना किया। समाजवादी पार्टी के जिला सचिव एवं मीडिया प्रभारी एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने इस अवसर पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वह वह समाजवादी पार्टी के साथ साथ कायस्थ समाज के भी भविष्य हैं। कायस्थ समाज के लोग उनके अंदर अपना भविष्य देख रहे हैं। आज की तारीख में पूरा का पूरा समाज उन्होंने अपना नेता मानता है और उनके अंदर अपना सुनहरा भविष्य देख रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुन्ना लाल श्रीवास्तव, केशव श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, अमरनाथ श्रीवास्तव संदीप श्रीवास्तव, रवि शेखर विश्वकर्मा, पवन श्रीवास्तव, शुभम् श्रीवास्तव , रत्न श्रीवास्तव, सागर श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, नूर आलम, श्रीश चन्द्र विशाल आदि उपस्थित रहे।

### शादियाबाद पुलिस ने किया 40 पेटी शराब व टाटा सूमो के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार





प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी भुड़कुडा के निर्देशन में दिनांक मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक थाना शादियाबाद के नेतृत्व में चौकी प्रभारी हंसराजपुर उप निरीक्षक सुनिल कुमार शुक्ला व मय हमराह के मुखबिरी की सूचना पर मनिहारी मोड़ ठेके से एक टाटा सूमो गोल्ड गाड़ी जिसका नं0 यूपी 53 सीवी 9804 है। जिसंमे मनिहारी मोड़ के अग्रेजी शराब के ठेके से शराब लादकर बिहार राज्य में विक्रय करने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था कि थाना शादियाबाद पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया। जिसकी बाजारू कीमत 2 लाख 30 हजार है।मौके से उक्त टाटा सूमो गोल्ड गाड़ी में 40 पेटी (1920 पाउच) 8 पीएम अंग्रेजी शराब बरामद किया गया फर्द बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर धारा 60/60च/72 पंजीकृत कर अभियुक्त रंजीत कुमार पुत्र लल्लन शर्मा निवासी वरुणा थाना कोचिला जिला कैमूर बिहार के खिलाफ विधिक कार्यवाही थाना शादियाबाद पुलिस द्वारा की जा रही है । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुनिल कुमार शुक्ला थाना शादियाबाद, कांस्टेबल विकास गौतम थाना शादियाबाद, कांस्टेबल ज्ञानेन्द्र सिंह थाना शादियाबाद, कांस्टेबल सुग्रीव कुमार थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

## लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजे गये मोदी



**पुणे (एजेंसी)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक की 103वीं पुण्यतिथि के मौके पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यहां लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री मोदी ने यहां एसपी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो शरद पवार की मौजूदगी में यह पुरस्कार ग्रहण किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा ''मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे लोकमान्य तिलक का पुरस्कार मिला, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना पूरा जीवन बलिदान कर दिया।

# दिल्ली अध्यादेश बिल लोकसभा में पेश, विपक्ष का हंगामा, बोले-यह संविधान के खिलाफ

## केन्द्रीय अमित शाह ने कहा- विरोध का कोई आधार नहीं

● नई दिल्ली/आरएनएन


दिल्ली में अफसरों की पोस्टिंग-ट्रांसफर पर नियंत्रण से जुड़ा विधेयक मंगलवार (1 अगस्त) को लोकसभा में पेश किया गया। इस पर सदन में विपक्षी नेताओं ने हंगामा किया और शेम-शेम के नारे लगाए। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी बोले- ये बिल संविधान का उल्लंघन है, सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदलने की कोशिश है। अमित शाह ने कहा कि संविधान, संसद को दिल्ली के लिए कानून बनाने की अनुमति देता है। बिल के खिलाफ जो बयान दिए जा रहे हैं, वो सिर्फ राजनीतिक हैं, उनका कोई आधार नहीं है। इस बिल का नाम गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली (अमेंडमेंट) बिल 2023 (जीएनसीटी) है। इसे गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सदन में पेश किया। पिछले महीने ही अध्यादेश को मंजूरी मिली थी

25 जुलाई को इस अध्यादेश को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी मिली थी। इसे लेकर,क्क के राज्यसभा सांसद राघव चड्?ढा ने कहा कि इससे दिल्ली में लोकतंत्र बाबूशाही में तब्दील हो जाएगा। चुनी हुई सरकार की सारी शक्तियां छीनकर भाजपा के नियुक्त किए गए स्त्र को दे दी जाएंगीं। केंद्र ने 19 मई को अधिकारियों के

### आज चर्चा के बाद हो सकता है मतदान, भाजपा ने सांसदों को जारी किया व्हिप

मंगलवार को सदन में हंगामे के कारण इस विधेयक पर चर्चा नहीं हो सकी। लोकसभा में बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक पर चर्चा होगी। इसके बाद विधेयक पर वोटिंग हो सकती है। इसको देखते हुए भाजपा ने अपने लोकसभा सांसदों को बुधवार को सदन में मौजूद रहने को लेकर तीन लाइन का व्हिप जारी किया। व्हिप में भाजपा की ओर से कहा गया है कि सरकार के रुख और कुछ विधायी कार्यों का समर्थन करने के लिए दो अगस्त को सभी सांसद पूरे दिन सदन में उपस्थित रहें।

**दिल्ली सेवा अध्यादेश स्थान लेगा कानून :** इस बिल के पास होने के बाद बनने वाला कानून दिल्ली सेवा अध्यादेश का स्थान लेगा, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में वरिष्ठ नौकरशाहों की नियुक्ति और तबादले के लिए प्राधिकरण बनाने का प्रावधान है।




## जैव विविधता विधेयक पर लगी संसद की मुहर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** 'जैव विविधता संशोधन बिल 2023' मंगलवार को राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इस पर संसद की मुहर लग गई। लोकसभा इस बिल को 26 जुलाई को पारित कर चुकी है। यह बिल लोकसभा में 16 दिसंबर 2021 को पेश किया था और इसे संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया था। पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सदन में चली संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस बिल से घरेलू कंपनियों को लाभ होगा और परंपरागत औषधियों के शोध और विकास में मदद मिलेगी। देश में घरेलू रहे कंपनियों के लिए संबंधित नियमों की पालना आसान की गई है। यह बिल 2002 के जैव विविधता अधिनियम को संशोधित करता है, जिसे यूएन कन्वेंशन ऑन बायोलॉजिकल डायवर्सिटी के लक्ष्यों को हासिल करने में भारत की सहायता के लिए लागू किया गया था।

## बारामूला जिले में ड्रग तस्कर का निर्माणाधीन घर कुर्क

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर के निर्माणाधीन घर को कुर्क करने के साथ ही एक अन्य व्यक्ति का वाहन जब्त कर लिया है। आधिकारिक सूत्रो ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गत 27 जून को बारामूला पुलिस ने सक्षम अधिकारियों से कानूनी मंजूरी प्राप्त करने के बाद ड्रग तस्का बरकत अली मेन के मुख्य मोहल्ला पट्टन में 10 मरला भूमि पर एक निर्माणाधीन घर को कुर्क कर लिया। वहीं पुलिस ने कलंत्रा पाईन के अब्दुल रहमान मलिक का वाहन भी जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि जांच से साबित हुआ है कि उक्त चल/अचल संपत्ति ड्रग तस्करों द्वारा अवैध तस्करी से जुटाई गई थी। इसके अलावा अन्य संपत्तियों की कुर्की के आदेश निकट भविष्य में पुष्टि के लिए एसएएफईएम (एफओपी) ए और एनडीपीएसए, नयी दिल्ली को भेजे जायेंगे।

# नीतीश सरकार को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत, जातीय गणना को दी हरी झंडी

## याचिका में लगाया था जनता के धन का दुरुपयोग का आरोप



**पटना, (एजेंसी)।** बिहार सरकार को मंगलवार को पटना उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिल गई और अब नीतीश सरकार जातीय गणना का काम पूरा करा सकेगी।पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन एवं न्यायाधीश पार्थ सारथी की खण्डपीठ ने मंगलवार को जातीय गणना पर रोक लगाने के आग्रह से संबंधित सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया।

इस मामले पर 17 अप्रैल को पहली बार सुनवाई हुई थी। उच्च न्यायालय ने चार मई को जाति आधारित गणना पर रोक लगाते हुए उस समय तक हुए सर्वे में प्राप्त आंकड़ों को नष्ट नहीं करने का आदेश दिया था और सुनवाई की अगली तिथि तीन जुलाई तय की थी। इस मामले में लगातार दोनों पक्षों को सुनने के बाद 7 जुलाई को सुनवाई पूरी हो गई और अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था ।याचिकाकर्ता की ओर से दलील दिया गया था कि राज्य सरकार सर्वेक्षण के नाम पर जनगणना करा रही है जो इसके अधिकार क्षेत्र से बाहर है। सरकार ने इस गणना का उद्देश्य नहीं बताया है, जिससे इन संवेदनशील जानकारी का दुरुपयोग किया जा सकता है। यह जनता के निजता के अधिकार का उल्लंघन होगा।

### आदेश का यह होगा असर

पटना हाईकोर्ट ने 04 मई को अंतरिम आदेश दिया और कुछ ही घंटे में सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश पर तमाम जिलाधिकारियों के जरिए गणना में लगे सारे कर्मियों तक एक लाइन का मैसेज पहुंच गया कि डाटा को यथास्थिति सुरक्षित किया जाए। इसके बाद क्या हुआ? दरअसल, भले ही सरकार ने 80 प्रतिशत काम पूरा होने की बात की है लेकिन सच्चाई यही है कि यह आंकड़ा कागज पर जानकारी जुटाने वालों का है। मतलब, 80 फीसदी के करीब लोगों की जानकारी पेपर पर ली गई है। जमा की गई जानकारी (डाटा) का औसतन 25 फीसदी भी अभी ऑनलाइन अपलोड नहीं हुआ है। जिस सरकारी सर्वर की बात सरकार ने की है, उसकी जगह ज्यादातर डाटा अभी पेपर पर ही है।

### अंतिम फैसला आए बिना सुप्रीम कोर्ट में नहीं होगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने 19 मई को तीसरी बार बिहार की जाति आधारित जन-गणना के केस को पटना हाईकोर्ट के पास भेजा था। दो बार जनहित के नाम पर याचिका पहुंचने पर सुप्रीम न्यायालय ने इसे हाईकोर्ट का केस बताते हुए वापस किया था। इसके बाद पटना हाईकोर्ट में सुनवाई हुई और यहां 04 मई को अंतरिम फैसला राज्य सरकार के खिलाफ आया। कोर्ट ने जाति आधारित जनगणना प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगाते हुए 04 मई तक जुटाए सभी डाटा को सुरक्षित रखने का आदेश दिया था। पटना हाईकोर्ट से अपने खिलाफ अंतरिम आदेश को देखकर बिहार की नीतीश सरकार अगली तारीख का इंतजार किए बगैर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई थी।

# नासा की गलती, 12 बिलियन मील दूर गया वॉयजर-2 स्पेसक्राफ्ट

### अब आवाज के सहारे तलाश जारी

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** नासा का वॉयजर-2 स्पेसक्राफ्ट गलत कमांड से 12 बिलियन मील यानी 19.9 बिलियन किलोमीटर दूर चला गया है। नासा की जेट प्रपल्शन लैबरेटरी ने इसकी जानकारी दी है। घटना पिछले हफ्ते की है। जब नासा की दी गई एक कमांड से स्पेसक्राफ्ट का एंटीना 2 फीसदी शिफ्ट हो गया। इससे वॉयजर-2 का नासा से संपर्क भी टूट गया है। संपर्क नहीं पाने से वॉयजर-2 स्पेसक्राफ्ट अंतरिक्ष की जो जानकारी डीप स्पेस नेटवर्क यानी छ्रस्ह तक भेजता था वो अब नहीं मिल पा रही हैं। नासा ने बताया है कि वो अब ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में लगे उनके सबसे बड़े एंटीना से वॉयजर-2 की तलाश कर रहे हैं। इस वक्त वॉयजर-2 की जो लोकेशन है वहां तक एक पृथ्वी से एक सिग्नल तक पहुंचाने में 18 से ज्यादा घंटों का समय लगता है।

स्पेस में दूर तक जाने वाले दूसरा स्पेसक्राफ्ट है वॉयजर-2: वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक अगले हफ्ते कैनबरा के स्टेशन से वॉयजर-2 तक सही कमांड के साथ सिग्नल भेजा जाएगा। अगर इससे बात नहीं बनी तो नासा को वॉयजर-2 से संपर्क करने के लिए उसके पूरे सिस्टम को ही रिसेट करना पड़ेगा। ये प्रोसेस अक्टूबर में होगी। दरअसल, वॉयजर-2 के एंटीन को पृथ्वी की ओर रखने के लिए उसे साल में एक तय तारीख पर कई बार रिसेट किया जाता है। अगली तारीख 15 अक्टूबर है।

# गहलोत सरकार के खिलाफ भाजपा का हल्ला बोल

**जयपुर ■ ब्यूरो**

राजस्थान में भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश के हजारों कार्यकर्ताओं ने सचिवालय का घेराव किया।

कई जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। इधर, विरोध प्रदर्शन पर उतारु भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुरक्षा के लिए लगाए बैरिकेड्स तोड़ दिए। वहीं, प्रदर्शन को काबू करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, जिससे भाजपा के एक कार्यकर्ता के सिर में चोट आ गई। इस घटना कार्यकर्ता और भड़क गए। देखते ही देखते हालात बेकाबू हो गया। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को काबू करने के लिए वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया।

### नहीं सहेगा राजस्थान से मिलेगा बहुत बल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर राज्य को बदहाली और बदनामी का दलदल बनाकर रख देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इस कुशासन को उखाड़ फैंकने के जन जन के संकल्प को भाजपा के नहीं सहेगा राजस्थान अभियान की इस मुहिम से बहुत बड़ा बल मिलने वाला है। श्री मोदी ने प्रदेश भाजपा के कांग्रेस सरकार के खिलाफ सचिवालय घेराव कार्यक्रम के मद्देनजर सोशल मीडिया पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मौजूदा शासन ने जिस प्रकार वीर-वीरांगनाओं की भूमि राजस्थान को बदहाली और बदनामी का दलदल बनाकर रख दिया है, जनता जर्नादन उससे जल्द छुटकारा चाहती है।



## ओएमजी-2: अक्षय शिव की जगह शिव भक्त होंगे



**मुंबई, (आरएनएन)।** अक्षय कुमार स्टारर फिल्म ओएमजी 2 को सेंसर बोर्ड ने ए सर्टिफिकेट दिया है। यानी इसे 18 साल से कम आयु के लोग नहीं देख पाएंगे। सेंसर बोर्ड ने फिल्म में कोई कट नहीं लगाया है पर इसमें 25 बदलाव करने का सुझाव जरूर दिया है। इनमें सबसे बड़ा बदलाव यह है कि फिल्म में अक्षय को शिव नहीं, बल्कि शिव भक्त के किरदार में दिखाया जाए।

# एनजीओ टेरर फंडिंग मामले में घाटी में नौ जगह एनआईए के छापे




**श्रीनगर, (एजेंसी)।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने छह गैंगस्टर-आतंकवादियों को भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया है। दूसरी ओर टेरर फंडिंग मामले में जम्मू-कश्मीर के 4 जिलों के 7 स्थानों पर व्यापक सर्व ऑपरेशन चलाया।राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने कनाडा और पाकिस्तान में रहने वाले छह गैंगस्टर-आतंकवादियों को भगोड़ा अपराधी घोषित किया है। अधिकारी ने कहा कि आरोपियों के नाम कनाडा में रहने वाले अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डाला, रमनदीप सिंह उर्फ रमन जज, लखबीर सिंह संधू उर्फ लांडा और पाकिस्तान में रह रहे हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा, लखबीर सिंह रोडे और वाधवा सिंह बब्बर हैं। एजेंसी ने पिछले साल 20 अगस्त को दर्ज एक मामले में डाला, लांडा और रिंदा समेत नौ आरोपियों के खिलाफ 22 जुलाई को आरोप पत्र दायर किया था। उ यह मामला खालिस्तान लिबरेशन फोर्स, बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन जैसे प्रतिबंधित खालिस्तान समर्थक आतंकवादी संगठनों की आतंकी गतिविधियों से संबंधित है।

## 'अपने पैरों के निशान कम कर रहा पाक'

नई दिल्ली।

केंद्र सरकार ने मंगलवार को संसद में बताया कि जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ के मामलों में गिरावट आई है, लेकिन पाकिस्तान आतंकवाद को जीवित रख रहा है। पाकिस्तान ड्रोन के जरिए भारत में हथियार और ड्रग्स भेजने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहा है। गृह मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्र-विरोधी तत्व और तस्कर पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा के पार हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। पिछले तीन साल में ऐसी 53 घटनाओं का पता चला है। एक सवाल के जवाब में गृह मंत्रालय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में इस साल जून के अंत तक कोई घुसपैठ की सूचना नहीं मिली है।

# अमेरिकी सेना के नेटवर्क में घुसा चीन का वायरस

### जंग के समय ऑपरेशन को कर सकता है कंट्रोल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** अमेरिका और चीन के बीच तल्खियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। इस बीच अमेरिका को अपनी सेना के टेलीकम्युनिकेशन सिस्टम में चीनी वायरस होने की खुफिया जानकारी मिली है। इसके बाद से अमेरिका अपनी सेना के नेटवर्क में चीन के वायरस को ढूंढ रही है। जो बाइडेन सरकार को डर है कि चीन ने अमेरिका की सेना के पावर ग्रिड, कम्युनिकेशन सिस्टम और वाटर सप्लाई नेटवर्क में एक कम्प्यूटर कोड (वायरस) फिट कर दिया है। ये वायरस जंग के दौरान उनके ऑपरेशन को ठप या कंट्रोल कर सकता है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, बाइडेन सरकार को डर है कि चीन का ये कोड न सिर्फ अमेरिका, बल्कि दुनियाभर में मौजूद उनके मिलिट्री बेस के नेटवर्क में हो सकता है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, असल में ये एक मालवेयर कंप्यूटर वायरस है, जो मिलिट्री, इंटेलिजेंस और नेशनल सिक्योरिटी के सिस्टम में फिट कर दिया गया है। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि मिलिट्री के नेटवर्क में चीन का कोड होना किसी 'टाइम बम' के जैसा है।

# जन्म और मृत्यु पंजीकरण संशोधन विधेयक पास

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केंद्र सरकार की तरफ से लोकसभा में 26 जुलाई को पेश जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2023 को मंगलवार को पारित कर दिया गया। इस विधेयक में जन्म और मृत्यु का राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय डेटाबेस तैयार करने का प्रस्ताव है। यह विधेयक जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 में संशोधन करेगा।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने इस विधेयक को लोकसभा में पेश किया था। इस विधेयक के लागू होने पर जन्म पंजीकरण के दौरान माता-पिता या अभिभावक के आधार नंबर की आवश्यकता होगी। प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण का लाभ उठाने के लिए, सरकार ने जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्रों के इलेक्ट्रॉनिक पंजीकरण और वितरण के लिए विधेयक में खंड शामिल किए हैं, ताकि सार्वजनिक पहुंच को सुविधाजनक बनाया जा सके। विधेयक का एक प्रमुख उद्देश्य पंजीकृत जन्म और मृत्यु के लिए राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय डेटाबेस स्थापित करना है। इस पहल से अन्य डेटाबेस के लिए अपडेट प्रक्रियाओं को बढ़ाने, कुशल और पारदर्शी सार्वजनिक सेवाओं और सामाजिक लाभ वितरण को बढ़ावा देने की उम्मीद है।

## आज का इतिहास

- **1763:** मुर्शिदाबाद पर कब्जे के बाद ब्रिटिश सेना ने गिरिया की लड़ाई में मीर कासिम को हराया।
- **1790:** अमेरिका में पहली बार जनगणना की गई। उस समय अमेरिका की जनसंख्या 39 लाख के आसपास थी, जिसमें से करीब 7 लाख बंदी लोग थे।
- **1831:** नीदरलैंड की सेना ने दस दिन के अभियान के बाद बेल्जियम पर कब्जा किया।
- **1858:** ब्रिटिश सरकार ने गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट पारित किया, जिसके बाद भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटिश राजशाही के हाथ में चला गया। भारत में ब्रिटिश सरकार के शीर्ष प्रतिनिधि के रूप में वायसराय का ओहदा बनाया गया।
- **1870:** लंदन में थेम्स नदी के नीचे दुनिया के पहले अंडरग्राउंड रेलवे की शुरुआत हुई।
- **1878:** भारत के राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे'

Filmi तड़का

## चंद्रमुखी 2 से राघव लॉरेंस का लुक रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय अभिनेता राघव लॉरेंस की आने वाली फिल्म चंद्रमुखी 2 से उनका लुक रिलीज हो गया है। 'चंद्रमुखी 2' का निर्देशन पी. वासु ने किया है। यह फिल्म रजनीकांत की सुपरहिट फिल्म चंद्रमुखी की सीक्वल है। चंद्रमुखी 2 में राघव लॉरेंस और कंगना रनौत की मुख्य भूमिका है। फिल्म चंद्रमुखी 2 से राघव लॉरेंस का पहला लुक रिलीज कर दिया गया है, जिसमें वह राजा की भूमिका में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में राघव लॉरेंस को महल की सीढ़ियों से उतरते देखा जा सकता है। लाइका प्रोडक्शंस ने पोस्टर के साथ लिखा, दोगुने स्वैग और रवैये के साथ वापसी! वेत्तायन राजा की डरावनी उपस्थिति के साक्षी बनें। चंद्रमुखी 2 से पॉवरफुल पहला लुक। ट्विटर पर पोस्टर शेयर करते हुए, राघव लॉरेंस ने इस रोल को निभाने में उनके आशीर्वाद और समर्थन के लिए रजनीकांत का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, थलाइवर सुपरस्टार ञ्चरजनीकांत को धन्यवाद! यहां आपके लिए वेट्टैयान का पहला लुक पेश किया जा रहा है।



## गोवा में छुट्टियां बिता रहीं शाहरुख खान की लाडली सुहाना

**मुंबई।** शाहरुख खान और गौरी खान की लाड़ली सुहाना जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। सुहाना खान जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' के जरिए एक्टिंग में अपना डेब्यू करेंगी। सुहाना खान, अगस्त्या नंदा और खुशी कपूर स्टारर यह फिल्म 24 नवंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस फिल्म का फैंस बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अपनी फिल्म की रिलीज से पहले अब सुहाना खान गोवा में छुट्टियां एंजॉय कर रही हैं, जहां से उनकी तस्वीरें इंटरीनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। सुहाना खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में सुहाना ब्लू और ब्लैक कलर का स्ट्रिप्ड आउटफिट पहनें नजर आ रही हैं।

# गांधी दर्शन प्रशिक्षणार्थी राजस्थान की सबसे बड़ी पूंजी: मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने कहा- अब राजस्थान का युवा बना 'गांधीमय'

**जयपुर,(ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि देश के तनाव भरे माहौल में महात्मा गांधी जी के संदेशों का बड़ा महत्व है।

उनके मूल्यों एवं सिद्धांतों पर चलकर ही शांति व अहिंसा की स्थापना संभव है। हमें इसी राह पर आगे बढ़ते हुए लोकतंत्र को अधिक मजबूत बनाना होगा और देश की प्रगति में अहम भूमिका निभानी होगी। गहलोत ने मंगलवार को बिड़ला सभागार में शांति एवं अहिंसा विभाग के राजस्थान गांधी दर्शन प्रशिक्षणार्थी सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के जरिए हर व्यक्ति को प्रशिक्षण देने का कारवां अब नहीं रुकना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांधी दर्शन प्रशिक्षणार्थी ही राजस्थान की सबसे बड़ी पूंजी है। ये प्रशिक्षणार्थी राजस्थान के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि देश में सत्य, शांति और अहिंसा की भावना बढ़ें, इसी सोच पर राज्य सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शांति और अहिंसा से ही समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारा कायम रह सकता है। यही हमारी संस्कृति का मूल आधार भी है।

## संक्षिप्त खबरें

### रे-बैन ने नया संग्रह उतारा

लखनऊ (वि.)। रे-बैन ने आईवियर का नया रिवर्स कलेक्शन लांच किया है। इस कलेक्शन में चार युनिसेक्स सनग्लासेज़ शामिल हैं जो इम्पोसिबल न्यू लेंस कम्प्लीटली रिवर्स्ड के साथ पेश किए गए हैं। इन लेंसेज़ में पारम्परिक कान्वैक्स से कान्केव लेंस तक शामिल हैं, जिनमें आधुनिक एस्टिगमेटिक, प्रिज़्मेटिक और रिज़ाल्विंग पावर्स है और प्रेसीज़न के साथ किसी तरह का समझौता नहीं किया गया है। हाई-परफोर्मेन्स एंटीग्लेयर ट्रीटमेन्ट के साथ ये पेंटोस्कोपिक लेंस वेवलेन्थ पर रिफलेक्शन को 70 फीसद तक कम कर सकते हैं। फेडेरिको बुफा, आर एण्ड डी, प्रोडक्ट स्टाइल लाइसेंसिग, डायरेक्टर, एस्सिलर लक्ज़ोटिका ने कहा। रे-बेन का नया कलेक्शन ₹11090 की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है।

### मदर डेयरी के लाभ में वृद्धि

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर की प्रमुख दूध आपूर्तिकर्ता मदर डेयरी ने बताया कि उसका कारोबार वित्त वर्ष 2022-23 में 17 प्रतिशत बढ़कर लगभग 14,500 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि ताजा दूध, मूल्यवर्धित डेयरी उत्पाद और खाद्य तेल सहित सभी श्रेणियों में अच्छी मांग के चलते यह वृद्धि हुई। कंपनी का कारोबार पिछले वित्त वर्ष (2021-22) में लगभग 12,500 करोड़ रुपए था। कंपनी के प्रबंध निदेशक मनीष बंदलिश ने बताया, "कुल मिलाकर, पिछले वित्त वर्ष में वृद्धि बहुत अच्छी रही।

### रिलायंस-ब्रुकफील्ड में करार

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने कहा कि उसने आस्ट्रेलिया में नवीकरणीय ऊर्जा व शून्य-कार्बनीकरण उपकरण बनाने के लिए कारखाने स्थापित करने के अवसर तलाशने के लिए ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने कहा कि ब्रुकफील्ड प्रत्यक्ष पूंजी निवेश के रास्ते तलाशने में रिलायंस की मदद करेगा और नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण बनाने के लिए ऑस्ट्रेलिया में इकाई स्थापित करने को लेकर मूल्यांकन करेगा। सौदे का 'मकसद पीवी मॉड्यूल, लंबे समय तक चलने वाली बैटरी भंडारण व पवन ऊर्जा घटकों जैसे स्वच्छ ऊर्जा उपकरणों का स्थानीय स्तर पर उत्पादन करना है।'

### जेक्यूआर का नया संग्रह

नई दिल्ली। स्पोर्ट्स और स्नीकर फुटवियर बनाने वाली अग्रणी कंपनी जेक्यूआर स्पोर्ट्स ने नया स्नीकर कलेक्शन 'स्टाइल' लांच किया है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि स्नीकर के शौकीनों एवं फैशन में आने रहने वाले लोगों को आकर्षित करने के लिये डिजाइन किया गया यह नया कलेक्शन अत्याधुनिक स्टाइल, जबर्दस्त कम्फर्ट और बेजोड़ परफॉर्मेंस का एक परफेक्ट संयोजन है। स्टाइल कलेक्शन में अभिनव डिजाइनों में रेगुलर क्लासिक स्नीकर्स, मिड-एंकल स्नीकर्स, आदि शामिल हैं।

### इंडिया फर्स्ट का नया प्लान

नई दिल्ली। इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने एक नए उत्पाद 'इंडिया फर्स्ट लाइफ गारंटी ऑफ लाइफ ड्रीम्स' प्लान को लांच किया है। कंपनी ने कहा कि नान-लिंक्ड, नान-पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत जीवन बीमा योजना पालिसी धारकों को नियमित दीर्घकालिक आय विकल्प प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है। यह एक विस्तारित अवधि का बीमा-आधारित बचत बीमा प्लान है जो 30 साल और 40 साल की पॉलिसी अवधि के लिए 6 साल, 8 साल और 10 साल की लचीली प्रीमियम भुगतान शर्तें प्रदान करता है।(एजेंसी)

# दामों में वृद्धि व कर अनुपालन में सख्ती से घटे सोने के कद्रदान

- वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कीमतों में सात फीसद इजाफा
- अप्रैल से जून के दौरान 158 टन रही स्वर्ण धातु की मांग

**नई दिल्ली (भाषा)।**

रिकार्ड ऊंची कीमतों के कारण भारत में सोने की मांग अप्रैल-जून तिमाही के दौरान सात प्रतिशत घटकर 158.1 टन रह गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने यह जानकारी दी।

डब्ल्यूजीसी ने मंगलवार को जारी अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि भंडारण के कारण वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में सोने का आयात सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 209 टन हो गया।

रिपोर्ट के मुताबिक 2023 की पहली छमाही में 271 टन की मांग के अनुमान के साथ पूरे साल में मांग 650-750 टन के बीच हो सकती है।



डब्ल्यूजीसी इंडिया के क्षेत्रीय सीईओ सोमसुंदरम पीआर ने बताया, 'दूसरी तिमाही में सोने की मांग में सात प्रतिशत की गिरावट सोने की मौजूदा रिकार्ड ऊंची कीमतों के कारण है। इस वजह से उपभोक्ता भावना काफी हद तक प्रभावित हुई।'

बीते दिनों सोने की कीमतों में भारी उछाल आया और बेहद कम समय में यह 64,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा, देश में कर अनुपालनों में सख्ती के कारण भी मांग में कुछ कमी आई है। समीक्षाधीन तिमाही में सोने की वैश्विक मांग दो प्रतिशत घटकर 921 टन रह गई। डब्ल्यूजीसी के अनुसार सालाना आधार पर केंद्रीय बैंकों की शुद्ध खरीदारी में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

## डालर के मुकाबले रुपया तीन पैसे मजबूत

**मुंबई (भाषा)।**

अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपया मंगलवार को तीन पैसे मजबूत होकर 82.26 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मंगलवार को कारोबार के दौरान रुपए में सीमित उतार-चढ़ाव देखा गया। इसका मुख्य कारण डालर सूचकांक का बढ़ना और एशियाई मुद्राओं के अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले गिरना रहा।

मुद्रा बाजार में रुपया 82.32 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 82.24 के उच्चस्तर तथा 82.33 के निचले स्तर तक आया। अंत में यह अपने पिछले बंद भाव से पांच पैसे टूटकर 82.26 प्रति डालर (अस्थायी) रहा।

# पान मसाला पर IGST का स्वतः रिफंड होगा बंद

- तंबाकू व इसी तरह के अन्य उत्पादों पर भी अक्टूबर से बंद होगी स्वतः रिफंड प्रक्रिया

- ऐसे दावों के लिए निर्यातकों को कर अफसरों से मिलना होगा
- कर चोरी रोकने को उठाया गया है यह कदम
- निर्यात किए जाने वाले माल के अधिक मूल्यांकन का होता है संदेह
- मूल्यांकन ज्यादा दिखाए जाने से रिफंड की रकम में भी हो जाती है वृद्धि

**नई दिल्ली (भाषा)।**

पान मसाला, तंबाकू और इसी तरह की अन्य वस्तुओं के निर्यात पर एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) के स्वतः वापसी की प्रक्रिया एक अक्टूबर से बंद हो जाएगी। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी।




मंत्रालय द्वारा 31 जुलाई को जारी एक अधिसूचना के अनुसार ऐसी सभी वस्तुओं के निर्यातकों को अपने रिफंड दावों के साथ क्षेत्राधिकार कर अधिकारियों से संपर्क करना होगा और उनकी मंजूरी लेनी होगी। ये बदलाव एक अक्टूबर से लागू होंगे। विशेषज्ञों ने कहा कि इस कदम का मकसद कर चोरी को रोकना है, क्योंकि हो सकता है कि निर्यात किए जाने वाले सामानों का मूल्यांकन अधिक किया गया हो। ऐसी स्थिति में आईजीएसटी रिफंड की राशि भी बढ़ सकती है। रिफंड की अधिकारियों द्वारा स्वयं जांच यह सुनिश्चित करेगी कि मूल्यांकन सर्वोत्तम तरीके से किया गया है और सभी चरणों में करों का भुगतान किया गया है।

जिन वस्तुओं के स्वतः आईजीएसटी रिफंड पर रोक होगी, उनमें पान मसाला, कच्चा तंबाकू, हुक्का, गुटखा, धूम्रपान मिश्रण और मेंथा तेल सहित अन्य वस्तुएं शामिल हैं। ऐसी वस्तुओं पर 28 प्रतिशत आईजीएसटी और उपकर लगता है।

### आनलाइन गेमिंग कंपनियों की जीएसटी दर घटाने की मांग

**नई दिल्ली (भाषा)।** आनलाइन गेमिंग कंपनियों के एक संगठन ने मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को कम करने का अनुरोध किया। उद्योग निकाय ने कहा कि यह कर बहुत अधिक है और इससे अवैध तरीके से काम करने वाली गेमिंग कंपनियों को बढ़ावा मिलेगा।

सीतारमण को लिखे पत्र में 'इंडियन गेमर्स यूनाइटेड' संगठन ने कहा कि उच्च कराधान के कारण अवैध गेमिंग और विदेशी मंचों को बढ़ावा मिलेगा। इनसे सरकार को कोई कर नहीं मिलेगा, लेकिन वैध गेमिंग कंपनियां बहुत बड़े संकट में फंस जाएंगी।

## जीएसटी संग्रह 11% बढ़ कर 1.65 लाख करोड़ पर

**नई दिल्ली (भाषा)।**

जीएसटी संग्रह जुलाई माह में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 1,65,105 करोड़ रुपए रहा। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू होने के बाद से पांचवीं बार जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है।

वित्त मंत्रालय के बयान के अनुसार, 'जुलाई 2023 में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 1,65,105 करोड़ रुपए रहा। इसमें केंद्रीय जीएसटी 29,773 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी 37,623 करोड़ रुपए, एकीकृत जीएसटी 85,930 करोड़ रुपए (माल के आयात पर एकत्र 41,239 करोड़ रुपए सहित) है। इसके अलावा उपकर 11,779 करोड़ रुपए (माल के आयात पर एकत्र 840 करोड़ रुपए सहित) रहा।' मंत्रालय के अनुसार राजस्व संग्रह जुलाई 2023 में पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले 11 प्रतिशत अधिक रहा। जुलाई 2022 में यह 1.49 लाख करोड़ रुपये था।

वर्ष 2023 में जुलाई लगातार दूसरा महीना है जब बेची गई वस्तुओं तथा प्रदान की गई सेवाओं पर भुगतान किए गए करों से मासिक आधार पर राजस्व में वृद्धि हुई। यह जून महीने में 1.61 लाख करोड़ रुपये और मई में 1.57 लाख करोड़ रुपये था। अप्रैल में यह रिकॉर्ड 1.87 लाख करोड़ रुपये रहा था।

# कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर सौ रुपए सस्ता, एटीएफ महंगा



**नई दिल्ली (भाषा)।** विमान ईंधन या एटीएफ की कीमत में मंगलवार को 8.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। वहीं वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 100 रुपए घटाई गई है। सरकारी ईंधन खुदरा कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में विमान ईंधन या एटीएफ की कीमत प्रति किलोलीटर 7,728.38 रुपए या 8.5 प्रतिशत बढ़कर 98,508.26 रुपए प्रति किलोलीटर हो गई है। इसकी कीमतें विभिन्न राज्यों में स्थानीय बिक्री कर या मूल्य वर्द्धित कर (वैट) के आधार पर अलग-अलग होती हैं। तेल की वैश्विक कीमतों में वृद्धि के कारण विमान ईंधन महंगा हुआ है।

एटीएफ की कीमत में इससे पहले एक जुलाई को 1.65 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। दूसरी ओर होटल और रेस्तरां जैसे प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी के दाम 100 रुपए प्रति सिलेंडर कम किए गए हैं। दिल्ली में अब 19 किलोग्राम वाले इस सिलेंडर की कीमत 1,680 रुपए है। वाणिज्यिक एलपीजी के दाम अप्रैल से तीन बार कम किए गए हैं, जिससे 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत में कुल 346.5 रुपए तक की कटौती हुई। वहीं रसोई गैस की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी में 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 1,103 रुपए है। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में एक मार्च से कोई बदलाव नहीं किया गया है। उस समय प्रति सिलेंडर 50 रुपए बढ़ाए गए थे।

# जुलाई में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां कम हुईं

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां जुलाई में लगातार दूसरे महीने कम हुई। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को बताया गया कि उत्पादन बढ़ने की दर और नए आर्डर की दर थोड़ी घटने के चलते ऐसा हुआ। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जुलाई में घटकर 57.7 पर आ गया, जो जून में 57.8 था। सर्वेक्षण में कहा गया है कि इस गिरावट के बावजूद भारतीय विनिर्माण क्षेत्र ने मजबूत वृद्धि को बनाए रखा है।

पीएमआई के आंकड़ों ने जुलाई में लगातार 25वें महीने समग्र परिचालन स्थितियों में सुधार का संकेत दिया। पीएमआई की भाषा में 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है और 50 से कम अंक संकुचन की स्थिति को दर्शाता है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस के अर्थशास्त्र निदेशक एंड्रयू हार्कर ने कहा, 'जुलाई में भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि की गति कम होने के कोई संकेत नहीं दिखे, क्योंकि नए आर्डर में मजबूत वृद्धि के कारण उत्पादन चालू रहा।' सर्वेक्षण में कहा गया कि उत्पादन और नए आर्डर में वृद्धि की दर जून की तुलना में थोड़ी कम रही। इस दौरान रोजगार सृजन की गति मोटे तौर पर मई और जून के रुझानों के अनुरूप थी। लागत मुद्रास्फीति दबाव अपेक्षाकृत कम रहा।

## सेंसेक्स और निफ्टी में दर्ज की गई गिरावट

**मुंबई (भाषा)।**

वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावरग्रिड और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में बिकवाली होने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में हल्की गिरावट रही।

अत्यधिक उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 68.36 अंक यानी 0.10 प्रतिशत गिरकर 66,459.31 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 66,658.12 अंक के ऊपरी और 66,388.26 अंक के निचले स्तर पर भी आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 20.25 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,733.55 अंक पर बंद हुआ।

# बैंकों में लौटे 2000 के 88% नोट

- 31 जुलाई तक आए इन नोटों का कुल मूल्य 3.14 लाख करोड़ रुपए
- अब बाजार में बचे हैं सिर्फ 42 हजार करोड़ मूल्य के करेंसी नोट
- ये नोट हटाने की घोषणा के वक्त 3.56 लाख करोड़ था इनका मूल्य
- 87 फीसद नोट बैंक जमा के रूप में वापस मिले

**मुंबई (भाषा)।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को कहा कि 2,000 रुपए मूल्य के करीब 88 प्रतिशत नोट 31 जुलाई तक बैंकों में वापस आ चुके हैं। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि बैंकों से मिली सूचनाओं से पता चलता है कि 31 जुलाई तक 2,000 रुपए के कुल 3.14 लाख करोड़ रुपए मूल्य के नोट चलन से वापस आ चुके हैं।

आरबीआई ने 19 मई को 2,000 रुपए मूल्य के नोट को चलन से बाहर करने की घोषणा की थी। इसके लिए उपभोक्ताओं को 30 सितम्बर तक ये नोट बैंकों में जमा करने या वहां पर बदलने की सुविधा दी गई है। इसी क्रम में 31 जुलाई तक 3.14 लाख करोड़ रुपए मूल्य के 2,000 रुपए के नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं। अब 2,000 रुपए के सिर्फ 42,000 करोड़ रुपए मूल्य के नोट ही चलन में मौजूद हैं। आरबीआई ने जब इन नोटों को चलन से हटाने की घोषणा की थी, तब 3.56 लाख करोड़ रुपए मूल्य के नोट चलन में मौजूद थे। गत 31 मार्च को इन नोटों का मूल्य 3.62 लाख करोड़ रुपए था।



आरबीआई ने कहा कि बैंकिंग प्रणाली में लौटकर आने वाले 2,000 रुपए के नोट में से करीब 87 प्रतिशत नोट बैंकों में जमा के रूप में आए हैं जबकि 13 प्रतिशत नोट अन्य मूल्यों के नोट से बदले गए हैं।

केंद्रीय बैंक ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे किसी भी तरह की असुविधा से बचने के लिए अपने पास मौजूद 2,000 रुपए मूल्य के नोट सितम्बर तक बैंकों में जाकर जमा कर दें या उन्हें दूसरे नोट से बदल लें।

# ट्विटर मुख्यालय से हटा नया लोगो

- बिना अनुमति के लगा था यह लोगो
- भवन निरीक्षण विभाग को थी आपत्ति

**वाशिंगटन (वार्ता)।**

ट्विटर ने अमेरिका में कैलीफोर्निया प्रांत के सैन फ्रांसिस्को स्थित अपने मुख्यालय की इमारत के ऊपर से बिना म्यूनिसिपल कारपोरेशन की अनुमति के लगाए गए 'एक्स' लोगो को हटा दिया है। एनपीआर न्यूज ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक सैन फ्रांसिस्को के भवन निरीक्षण विभाग को इस लोगो को लेकर संरचनात्मक सुरक्षा से संबंधित 24 शिकायतें मिली थी। सैन फ्रांसिस्को बिल्डिंग इंस्पेक्शन विभाग के प्रवक्ता पैट्रिक हन्नान ने कहा कि बिना अनुमति स्थापना के लिए संपत्ति के मालिक से शुल्क का आकलन किया जाएगा। यह शुल्क संरचना की स्थापना और हटाने के लिए इमारत परमिट के लिए होगा। भवन निरीक्षण विभाग और योजना विभाग की जांच की लागत को कवर करने के लिए होगा।



पिछले सप्ताह, ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने ट्विटर का नाम और लोगो बदलकर 'एक्स' कर दिया। शुक्रवार को एक ट्वीट में श्री मस्क ने एक के बाद एक कंपनियों के चले जाने के बावजूद शहर को कभी नहीं छोड़ने की कसम खाई।

## स्टील प्रदर्शनी में भाग लेंगे 8,000 प्रतिभागी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

इस्पात मंत्रालय के तत्वावधान में ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले पहली 'इंडिया स्टेनलेस-स्टील प्रदर्शनी 2023' में लगभग 8,000 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है।

इंडियन स्टेनलेस स्टील डेवलपमेंट एसोसिएशन (आईएसएसडीए) ने कहा कि यह तीन-दिवसीय कार्यक्रम बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में शुरू होगा। इसमें स्टेनलेस स्टील उद्योग से संबंधित करीब 8,000 पेशेवर शामिल होंगे। केंद्रीय इस्पात एवं नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मुख्य अतिथि होंगे।

# जुलाई में बिजली की खपत 8.4 फीसद बढ़ी



**नई दिल्ली (भाषा)।** देश में बिजली खपत इस साल जुलाई महीने में सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत बढ़कर 139 अरब यूनिट रही। सरकारी आंकड़ों के अनुसार एक साल पहले इसी महीने में बिजली खपत 128.25 अरब यूनिट थी। यह जुलाई 2021 में 123.72 अरब यूनिट थी। बिजली की एक दिन में अधिकतम मांग को पूरा करने के लिए आपूर्ति जुलाई 2023 में बढकर 208.82 गीगावाट (एक गीगावाट 1,000 मेगावाट के बराबर) रही। जुलाई 2022 में किसी एक दिन में अधिकतम आपूर्ति 190.35 गीगावाट जबकि जुलाई 2021 में यह 200.53 गीगावाट थी। बिजली मंत्रालय के अनुसार गर्मी के मौसम में देश की बिजली मांग 229 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान था, लेकिन बेमौसम बारिश के कारण इस साल अप्रैल-मई में मांग अनुमानित स्तर तक नहीं पहुंच पाई।

# कोल इंडिया ने विदेशों में शुरू किया अधिग्रहण

**कोलकाता (भाषा)।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) अपने परिचालन में विविधता लाने और मूल्य श्रृंखला को अधिक एकीकृत करने के लिए विदेश में लिथियम, कोबाल्ट और निकल जैसी खनिज संपत्तियों के अधिग्रहण की योजना बना रही है। कंपनी ने हाल में अलौह और महत्वपूर्ण खनिजों को अपने दायरे में शामिल करने के लिए अपने मेमोरेंडम आफ एसोसिएशन (एमओए) में संशोधन किया है। इससे नए क्षेत्रों में विस्तार करने की कंपनी की प्रतिबद्धता का पता चलता है। एमओए किसी कंपनी के संविधान का आधार है।

इससे पहले सीआईएल ने विदेश में कोयला संपत्तियों के अधिग्रहण का प्रयास किया था, जो सफल नहीं हो सका। इस समय सीआईएल विदेश में विलय और अधिग्रहण के लिए उपयुक्त अवसरों की तलाश कर रही है। कंपनी के प्रबंधन ने अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों यह जानकारी दी। यह रणनीतिक कदम आत्मनिर्भर भारत मिशन के अनुरूप है, जिसके जरिए इन महत्वपूर्ण खनिजों की लगातार आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

## 5जी सेवा शुरू होने के 10 महीनों के भीतर तीन लाख मोबाइल साइट स्थापित

**नई दिल्ली (भाषा)।**

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि दूरसंचार परिचालकों ने 5जी सेवा शुरू होने के 10 महीनों के भीतर तीन लाख से अधिक मोबाइल साइट स्थापित की हैं। ये 5जी देश के 714 जिलों में हैं।

वैष्णव ने 'कू' पर कहा, 'दुनिया का सबसे तेज 5जी प्रसार जारी है... 714 जिलों में तीन लाख से अधिक 5जी साइट स्थापित की गई हैं।' रिलायंस जियो व एयरटेल ने 5जी सेवाएं शुरू की हैं। 5जी सेवाओं की शुरुआत के पांच महीनों में एक लाख साइट, आठ महीनों में आठ लाख साइट और 10 महीनों के भीतर तीन लाख साइट स्थापित की गई।

# मानसूनी बारिश से डीजल की खपत में दर्ज की गई गिरावट

- जुलाई में सालाना आधार पर डीजल की मांग 4.3% घटी
- भारी बारिश के चलते यात्राएं रद्द होने से घटी डीजल की मांग
- कृषि क्षेत्र की ईंधन आपूर्ति घटने भी डीजल की मांग घटी
- पेट्रोल की बिक्री में दर्ज की गई 3.8 फीसद तक की वृद्धि

**नई दिल्ली (भाषा)।**

देश में पेट्रोल की खपत जुलाई में बढ़ी, जबकि मानसून की बारिश के कारण डीजल की मांग में गिरावट आई है। उद्योग के शुरुआती आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

आंकड़ों के अनुसार, देश में सबसे ज्यादा खपत वाले ईंधन डीजल की मांग जुलाई में सालाना आधार पर 4.3 प्रतिशत गिरकर 61.5 लाख टन रह गई। जुलाई के पहले पखवाड़े में खपत में 15 प्रतिशत की भारी गिरावट आई, लेकिन दूसरे पखवाड़े में इसमें तेजी दिखी। मानसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश की वजह से लोगों ने अपनी यात्रा की योजना को टाल दिया।



इसके अलावा कृषि क्षेत्र में भी ईंधन की मांग घट गई, जिससे डीजल की कुल मांग प्रभावित हुई है। पेट्रोल की बिक्री जुलाई में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3.8 प्रतिशत बढकर 27.6 लाख टन हो गई। जुलाई के पहले पखवाड़े में खपत में 10.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी लेकिन बाद में इसमें तेजी आई। हालांकि, बिक्री मासिक आधार पर 4.6 प्रतिशत कम रही। इसी तरह समीक्षाधीन माह में डीजल की खपत जुलाई 2021 की तुलना में 12.8 प्रतिशत बढ़ी है।

यह जुलाई, 2019 की तुलना में लगभग स्थिर है। हवाई यात्राओं में लगातार वृद्धि के साथ विमान ईंधन (एटीएफ) की मांग जुलाई में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10.3 प्रतिशत बढ़कर 603,500 टन हो गई।

यह आंकड़ा जुलाई 2021 की तुलना में दोगुने से ज्यादा है। मासिक आधार पर विमान ईंधन की बिक्री में करीब 1.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जून 2023 में एटीएफ की बिक्री 594,100 टन थी। उद्योग के अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में देश में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने के कारण ईंधन की मांग तेज हुई है।

# फीफा विश्व कप: एस्मी-जिल ने नीदरलैंड को दिलाई बड़ी जीत



## वियतनाम को 7-0 से शिकस्त दी

**डुनेडिन,(एजेंसी)।** नीदरलैंड ने पहले हाफ में 15 मिनट के भीतर चार गोल दागकर महिला फीफा विश्व कप में वियतनाम को 7-0 से हराया। इसी के साथ नीदरलैंड ने ग्रुप ई में शीर्ष स्थान हासिल किया।

डच टीम के इस अविस्मरणीय प्रदर्शन में लिके मार्टन्स, काट्जा स्नोएस, और डैनियल वैन डी डॉन्क ने एक-एक गोल किया। एस्मी ब्रग्ट्स और जिल रूर्ड ने दो-दो गोल का योगदान दिया। नीदरलैंड को ग्रुप-ई में पहले स्थान पर रहने के लिए अमेरिका से अधिक अंक अर्जित करने थे। डच टीम ने इस विशाल जीत के साथ आसानी से अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। नीदरलैंड ने तीन मैचों में सात अंकों के साथ सुपर-16 में प्रवेश किया। दूसरी ओर, अपने आखिरी ग्रुप चरण मैच में पुर्तगाल के साथ गोलरहित ड्रॉ खेलने वाले अमेरिका ने पांच अंकों के साथ प्री-क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।

## स्टार स्पोर्ट्स पर प्रसारित होगा सुपर-16 चरण

भारत के प्रमुख खेल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में जारी फीफा महिला विश्व कप 2023 के सुपर 16 चरण के प्रसारण अधिकार हासिल किए हैं। स्टार स्पोर्ट्स ने कहा कि उसके चैनलों पर टूर्नामेंट के सुपर-16 मुकाबलों के लाइव प्रसारण के अलावा ग्रुप चरण मुकाबलों की हाइलाइट्स भी दिखाई जायेंगी। प्रसारणकर्ता सेमीफाइनल और फाइनल के लिये क्षेत्रीय भाषा की कमेंट्री जोड़कर टूर्नामेंट के कवरेज को बढ़ाने की भी योजना बना रहा है। स्टार स्पोर्ट्स के प्रवक्ता ने फीफा विश्व कप 2023 के साथ जुड़ाव पर कहा, फीफा महिला विश्व कप 2023 महिलाओं के खेल का अंतिम प्रदर्शन और उत्सव है।

## इंग्लैंड ने नॉकआउट में किया प्रवेश, लॉरेन के दो गोल

लौरेन जेम्स के दो दर्शनीय गोलों के दम पर इंग्लैंड ने चीन को 6-1 से हराकर फीफा महिला विश्व कप के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया।लौरेन जेम्स के दो दर्शनीय गोलों के दम पर इंग्लैंड ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के एकतरफा मुकाबले में चीन को 6-1 से रौंदकर ग्रुप-डी तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। हिंडमार्श स्टेडियम पर इंग्लैंड की इस विशाल जीत में लौरेन ने 41वें और 65वें मिनट में गोल किए, जबकि एलिसिया रूसो, लौरेन हेम्प, क्लोई केली और रेचल डेली ने एक-एक गोल का योगदान दिया। चेल्सी की अग्रिम पंक्ति की इस खिलाड़ी ने दो शानदार स्ट्राइक के साथ टूर्नामेंट का अपना दूसरा और तीसरा गोल किया। यूरोपीय चैंपियन इंग्लैंड की टीम लगातार तीन जीत के साथ ग्रुप डी में शीर्ष पर रही।विश्व कप के आठ आयोजनों में पहली बार ग्रुप चरण में बाहर होने वाले चीन की ओर से सिर्फ वांग शुआंग (57वां मिनट) ही गोल कर सकीं। इंग्लैंड की टीम अब सुपर-16 में सोमवार को नाइजीरिया का सामना करेगी। दिन के एक अन्य ग्रुप-डी मुकाबले में, डेनमार्क ने हैती को 2-0 से हराकर सुपर-16 में जगह बनायी। इंग्लैंड ने इसके साथ ही विश्व कप में अपने सबसे अच्छे प्रदर्शन की बराबरी की। टीम ने 2007 में अर्जेंटीना को इसी अंतर से हराया था। इंग्लैंड ने टूर्नामेंट में लगातार 16 मैचों में गोल करने का विश्व कप रिकॉर्ड भी बनाया।



## सिटी स्पोर्ट्स



### मप्र ई-स्पोर्टस अकादमी प्रारंभ करने वाला अग्रणी राज्य: रवि गुप्ता

**भोपाल (खेस)।** खेल और युवा कल्याण के संचालक रवि कुमार गुप्ता ने मंगलवार को टीटी नगर स्टेडियम में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है जहां पर ई-स्पोर्टस अकादमी को प्रारंभ किया जा रहा है। ई-स्पोर्टस जनरेशन जेड के स्किल को विकसित करने का बेहतरीन जरिया है। ई-स्पोर्टस अकादमी में युवाओं को प्रोफेशनल गेमिंग के साथ ही इससे जुड़े विभिन्न क्षेत्रों जैसे कास्टर्स, गेम डेव्हलपर्स, कन्टेन्ट क्रियेटर, टूर्नामेन्ट आपरेटर, कोडर्स आदि के लिए भी शिक्षित किया जाएगा। ई-स्पोर्टस गेमिंग के बिग बेंग मीडिया बेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के को-फाउंडर और सीईओ रवनीत गिल ने कहा कि वर्तमान में गेमिंग इण्डस्ट्री दुनिया की सबसे बड़ी इण्डस्ट्री है। खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने ई-स्पोर्टस को बढ़ावा देने का जो निर्णय लिया है, वह सराहनीय है। गिल ने बताया कि एशियन गेम्स में 24 पदक और कॉमन वेल्थ गेम्स में 18 पदक के लिये ई-स्पोर्टस एथलीट अपना प्रदर्शन करेंगे। प्रदेश ने एक अगस्त से जूनियर ई-स्पोर्टस चैम्पियनशीप की शुरूआत की गई है। इस चैम्पियनशिप के चयनित खिलाड़ी को अकादमी में शामिल किया जाएगा। ई-स्पोर्टस चैम्पियनशिप के लिए लगभग 43 हजार युवाओं ने पंजीयन कराया था, जिसमें 31 हजार युवा मध्यप्रदेश के हैं।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता: भोपाल की अदिति व अनीसा मुख्य ड्रॉ में पहुंचीं



**भोपाल (खेस)।** मप्र राज्य सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में भोपाल की अदिति वर्मा और अनीसा वसे व धार के अमित राठौर की जोड़ी ने क्रमशः महिला एकल और मिश्रित युगल के मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह बनाई। अदिति वर्मा ने सृष्टि गुप्ता को सीधे गेमों में 15-10, 15-7 से हराकर महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह बनाई। वहीं भोपाल की अनीसा वसे ने धार के अमित राठौर के साथ मिश्रित युगल के मुख्य ड्रॉ में अपना स्थान पक्का किया। पुरूष एकल में 8, महिला एकल में 4, पुरूष युगल में 4 महिला युगल में 2 और मिश्रित युगल में 2 जोडियों ने मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। बुधवार से स्पर्धा के मुख्य ड्रॉ के मुकाबले खेले जाएंगे। भोपाल जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में अयोध्या बाय पास रोड स्थित कांता श्रवण बैडमिंटन एकेडमी में स्पर्धा के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश हेतु महिला एकल के अंतिम मुकाबले में भोपाल की अदिति वर्मा ने इंदौर की सृष्टि गुप्ता को पहले गेम में थोडा संघर्ष के उपरांत 15-10, 15-7 से पराजित किया। वहीं भोपाल की अनीसा वसे और धार के अमित राठौर की जोडी ने अनुज काले और गौरी (एमपीबीए) की जोडी को कांटे के मुकाबले में 15-14, 15-14 से हराकर मिश्रित युगल के मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह पक्की की।

# वनडे सीरीज में जीत के लिए भारत ने विंडीज को दिया 352 रन का लक्ष्य

## भारत के लिए गिल, किशन, हार्दिक और संजू ने जड़े अर्धशतक



**तरूबा,(एजेंसी)।** भारत ने शुभमन गिल (85 रन), ईशान किशन (77 रन), हार्दिक पांड्या (नाबाद 70 रन) और संजू सैमसन (51 रन) के शानदार अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 351 रन बनाए। जबाव में वेस्टइंडीज ने छह विकेट खोकर 50 रन बना लिए हैं। तीन मैचों की वनडे सीरीज अभी 1-1 से बराबर हैं। दोनों टीम को सीरीज जीतने के लिए यह मैच अपने नाम करना होगा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को शुभमन गिल और ईशान किशन ने एक बार फिर शानदार शुरुआत दिलाई।

दोनों ने पहले विकेट के लिए 143 रन जोड़े। किशन ने शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी की और लगातार तीसरे मैच में अर्धशतक लगाया। वह 77 रन बनाकर स्पिनर कारिया के खिलाफ बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में स्टंप आउट हुए। गिल के आउट होने के बाद इसके बाद कप्तान हार्दिक ने सूर्यकुमार के साथ मिलकर भारत की पारी को आगे बढ़ाया। तीसरे नंबर पर आए ऋतुराज आठ रन बनाकर चलते बने, लेकिन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए संजू सैमसन ने 41 गेंद में 51 रन बनाकर आउट हुए। सूर्या छठे नंबर पर बेहतर दिखे और 35 रन बनाकर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में आउट हुए। अंत में हार्दिक ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 52 गेंद में नाबाद 70 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने दो विकेट लिए। अल्जारी जोसेप, गुदाकेश मोती और यानिक कारिया को एक-एक विकेट मिला। हालांकि, मोती के अलावा वेस्टइंडीज के सभी गेंदबाज रन रोकने में नाकाम रहे।

### स्कोर बोर्ड

| भारतीय पारी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| इशान किशन कै. होप बो. करिया | 77 | 64 | 8/3 |
| शुभमन गिल कै. करिया बो. मोती | 85 | 92 | 11/0 |
| गायकवाड़ कै. किंग बो. जोसेफ | 08 | 14 | 1/0 |
| सैमसन कै. हेटमायर बो. शेफर्ड | 51 | 41 | 2/4 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 70 | 52 | 4/5 |
| सूर्यकुमार कै. करिया बो. शेफर्ड | 35 | 30 | 2/2 |
| रवींद्र जाडेजा नाबाद | 08 | 07 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 17, **कुल:** 50 ओवर में पांच विकेट पर 351 रन, **विकेट पतन:** 1-143, 2-154, 3-223, 4-244, 5-309 **गेंदबाजी:** जेडेन सील्स 8-0-75-0, काइल मेयर्स 4-0-25-0, अल्जारी जोसेफ 10-0-77-1, गुडाकेश मोती 10-1-38-1, रोमारियो शेफर्ड 10-0-73- 2, यानिक करिया 8-0-58-1.

### उनादकट को 10 साल बाद मिला वनडे में मौका

तीसरे वनडे में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने 10 साल के लंबे अंतराल के बाद भारतीय अंतिम एकादश में मौका मिला। उनादकट ने इससे पहले 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ही आखिरी बार वनडे मैच खेल था। वह घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन करने के बाद वह एक बार फिर से भारतीय टीम में जगह बनाने में कामयाब रहें। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए उन्हें चुना गया था लेकिन प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला। जयदेव उनादकट ने भारत के लिए 4 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने तीन विकेट लिए हैं। वह भारत के लिए 7 वनडे खेल चुके हैं और इस दौरान उनादकट ने 8 विकेट चटकाए।

### टी-20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम घोषित

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20सीरीज के लिए शाई होप, शिमरन हेटमायर और ओशेन थॉमस को अपनी 15-सदस्यीय स्क्वाड में शामिल किया है। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा कि यानिक कारिया और शेल्डन कॉटरेल को टीम में शामिल करने पर विचार किया गया, लेकिन टीम प्रबंधन थॉमस की तेज गति और रोस्टन चेज एवं अकील होसेन के रूप में दो स्पिनरों से संतुष्ट था।

**विंडीज स्क्वाड:** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), काइल मेयर्स (उपकप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, ओबेद मकॉय, निकोलस पूरन, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, ओशेन थॉमस।



### बतौर विकेटकीपर ईशान किशन ने तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड

- भारत के युवा बल्लेबाज ईशान किशन तीन मैचों की वनडे सीरीज के सभी मैचों में 50 प्लस स्कोर बनाने वाले दूसरे भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं। इससके पहले भारत के पूर्व कप्तान और विकेटकीपर एमएस धोनी ने यह कारनामा किया था। धोनी ने 2019 में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध सीरीज में तीन अर्धशतकीय पारियां खेली थीं। ईशान ओवरऑल छठे भारतीय क्रिकेटर हैं, जिसने एक वनडे सीरीज में ऐसा कारनामा अंजाम दिया। कृष्णम्माचारी श्रीकांत ने 1982, दिलीप वेंगसरकर ने 1985 और मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 1993 में श्रीलंका के सामने वनडे सीरीज में लगातार तीन बार 50 प्लास स्कोर बनाया।
- ईशान किशन और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 143 रन की ऐतिहासिक साझेदारी की। भारत के लिए यह वेस्टइंडीज में सबसे बड़ी वनडे ओपनिंग साझेदारी है। ईशान किशन और शुभमन गिल ने शिखर धवन और अजिंक्य रहाणे का रिकॉर्ड तोड़ा है। शिखर धवन और अजिंक्य रहाणे की जोड़ी ने 2017 में पहले विकेट के लिए 132 रनों की साझेदारी की थी।

# त्रीसा-गायत्री की भारतीय जोड़ी दूसरे दौर में पहुंची

## ऑस्ट्रेलिया ओपन: कैथरीन और जोसेफाइन को हराया

**सिडनी, (एजेंसी)।** राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य विजेता त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

भारतीय जोड़ी ने कैथरीन चोई और जोसेफाइन वू की कनाडा की जोड़ी को पहले दौर में 21-16, 21-17 से हराया। 17वें नंबर की त्रीसा-गायत्री की जोड़ी का सामाना अगले दौर में मायु मात्सुमोतो और वकाना नागाहारा की जापान की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से होगी। चार साल बाद टूर्नामेंट में खेल रही अश्विनी पोनप्पा और उनकी जोड़ीदार तनीषा क्रास्टो को फेब्रियाना विपुजी कुसुमा और एमेलिया कहाया प्रातिवी की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ 11-21 21-14 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। एन सिक्की रेड्डी और ए सारा सुनील की महिला युगल जोड़ी को भी सू यिन हुई और ली चीह चेन की ताइवान की जोड़ी के खिलाफ पहले दौर में 14-21 17-21 से हार झेलनी पड़ी।



### भारत की पल्लवी व कृष्णा ने भारोत्तोलन में रजत पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारतीय भारोत्तोलकों ने एशियाई युवा और जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में प्रतियोगिता के पांचवें दिन मंगलवार को दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। पल्लवी सनपति ने 64 किग्रा जूनियर महिला वर्ग में कुल 196 किग्रा (स्नैच में 87 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 109 किग्रा) उठाकर रजत पदक जीता। ईरान की फतेमेह केशवर्ज ने कुल 197 किग्रा (86+111 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि उज्बेकिस्तान की मदीनाबोनू जुरेवा ने कुल 190 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। बी वेंकट कृष्णा भी पुरुषों के 73 किग्रा युवा वर्ग में पोडियम पर दूसरे स्थान पर रहे। कृष्णा ने कुल 271 किग्रा (स्नैच में 120 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 151 किग्रा) का वजन उठाया। उज्बेकिस्तान के खिकमाटिलो खायदारोव ने कुल 287 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। भारत की हरिका बेलाना ने युवा 59 किग्रा वर्ग में कुल 176 किग्रा (78+98) वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में उज्बेकिस्तान की ल्यूडमिला एलेफ्टेरियाडी ने कुल 177 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता।

### सिनसिनाटी मास्टर्स में युगल खेलेंगे जोकोविच

**ओहियो, (एजेंसी)।** सर्बिया के नोवाक जोकोविच सोमवार को जारी प्रवेश सूची के अनुसार, सिनसिनाटी मास्टर्स में हमवतन निकोला कैसिक के साथ युगल मैचों में हिस्सा लेंगे, जो यूएस ओपन से पहले उनके लिए अभ्यास टूर्नामेंट होगा। 23 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता की एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के एकल के लिए पहले ही पुष्टि हो चुकी थी, जो 13-20 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। यह पहली बार नहीं होगा जब जोकोविच युगल स्पर्धा खेलेंगे। इससे पहले, उन्होंने साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने सफल खिताब से पहले युगल खेला था जब उन्होंने एडिलेड ओपन में वासेक पोस्पिसिल के साथ जोड़ी बनाई थी, लेकिन यह जोड़ी पहले दौर में हार गई थी। विंबलडन फाइनल में दो सप्ताह से थोड़ा अधिक पहले विश्व नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के खिलाफ हार के बाद से सर्बियाई खिलाड़ी एक्शन से बाहर है। उन्होंने कैनेडियन ओपन को छोड़ कर टेनिस कोर्ट में अपनी वापसी में और देरी कर दी। सिनसिनाटी में एकल और युगल मुकाबले 28 अगस्त को न्यूयॉर्क के फ्लशिंग मीडोज में शुरू होने वाले वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन से पहले जोकोविच के एकमात्र प्रतिस्पर्धी मैच होंगे।

# घूमने के शौकीन लोगों को यह राज्य दे रहा बड़ा तोहफा, सैलानियों को मिलेगी 50% की छूट



हर किसी को घूमना-फिरना काफी ज्यादा पसंद होता है। लेकिन कुछ लोग सिर्फ इसलिए घूमने का प्लान कैंसिल कर देते हैं। क्योंकि घूमने अधिक खर्चा होने के कारण उनका पूरा बजट गड़बड़ हो जाता है। ऐसे में अगर आप बोले कि देश का एक राज्य ऐसा है, जो आने वाले सैलानियों को 50 फीसदी छूट दे रहा है। तो क्या आप इस बात पर यकीन करेंगे। लेकिन आपको बता दें कि यह बात पूरी तरह से सच है। ऐसे में आपको भी फौरन अपना बैग पैक कर इस राज्य में घूमने के लिए निकल जाना चाहिए।

**हिमाचल प्रदेश में मिल रही है 50% तक की छूट-** जानकारी के लिए आपको बता दें कि हिमाचल प्रदेश अपने यहां आने वाले पर्यटकों को यह ऑफर दे रहा है। राज्य के किसी भी शहर में घूमने पहुंचने वाले पर्यटकों को इस बेहतरीन ऑफर के तहत 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

**कब तक है ऑफ?-** बता दें कि यह ऑफर 15 सितंबर तक के लिए है। ऐसे में अगर आप भी घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो हिमाचल पहुंच आप इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

**मिलेंगी ये सारी सुविधाएं-** राज्य के पर्यटन विकास निगम ने पिछले शनिवार को हिमाचल के होटल के कमरों के किराए में 50 फीसदी छूट देने की घोषणा की है। ऐसे में कोई भी यात्री 15 सितंबर तक होटक बुक करता है तो उसे इस सुविधा का लाभ दिया जाएगा। बता दें कि यह छूट सिर्फ होटलों के लिए है।

**क्यों दी जा रही यह छूट-** दरअसल, पिछले कई दिनों में हुई भारी बारिश के कारण सैलानी हिमाचल प्रदेश घूमने के लिए नहीं जा रहे हैं। राज्य में मौजूद होटल, होमस्टे और धर्मशाला खाली होने के कारण मालिकों को नुकसान हो रहा है। वहीं राज्य में सैलानियों के नहीं पहुंचने की वजह से हिमाचल प्रदेश सरकार को टैक्स से मिलने वाली कमाई में कमी आई है। ऐसे में पर्यटक विभाग द्वारा पर्यटकों को बढ़ावा देने के लिए 50 प्रतिशत तक की छूट का ऑफर दिया जा रहा है।

## फुटबॉल

### सुनील छेत्री, संदेश झिंगन और गुरप्रीत सिंह संधू को मिली जगह

# एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री, सीनियर डिफेंडर संदेश झिंगन और सीनियर गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू को एशियाई खेलों के लिए भारत की 22 सदस्यीय फुटबॉल टीम में शामिल किया गया।



भारतीय पुरुष टीम को ग्रुप-ए में मेजबान चीन, बंगलादेश और म्यांमार के साथ रखा गया है। इस टूर्नामेंट में 23 टीमों को कुल छह समूहों में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए, बी, सी, ई और एफ में चार-चार टीमें हैं जबकि ग्रुप डी में तीन टीमें हैं।दो बार की एशियाई खेलों की चैंपियन भारतीय टीम नौ साल बाद पहली बार महाद्वीपीय खेलों की फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग ले रही है। चीन के हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों में टीम राष्ट्रीय टीम के मुख्य केच इगोर स्टिमक के मार्गदर्शन में खेलेगी। भारतीय टीम को एशियाई खेलों के आयोजकों और एशियाई ओलंपिक परिषद से मंजूरी मिल गई है। हांगझोउ खेलों में भारतीय पुरुष और महिला फुटबॉल टीम की भागीदारी पहले संदेह में थी क्योंकि खेल मंत्रालय ने पात्रता तय की थी कि महाद्वीप में शीर्ष आठ में शामिल टीम को ही खेलों के लिए भेजा जाएगा। एआईएफएफ की अपील के बाद हालांकि मंत्रालय ने बाद में पात्रता नियमों में ढील देखकर दोनों टीम को स्वीकृति दे दी। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने भी इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की थी।

### भारतीय फुटबॉल टीम

**गोलकीपर:** गुरप्रीत सिंह संधू, गुरमीत सिंह, धीरज सिंह मोइरंगथेम।
डिफेंडर: संदेश झिंगन, अनवर अली, नरेंद्र गहलोत, लालचुंगनुंगा, आकाश मिश्रा, रोशन सिंह, आशीष राय।
**मिडफील्डर:** जैकसन सिंह थौनाओजम, सुरेश सिंह वांगजैम, अपुइया राल्टे, अमरजीत सिंह कियाम, राहुल केपी, नाओरेम महेश सिंह।
**फारवर्ड:** शिव शक्ति नारायणन, रहीम अली, सुनील छेत्री, अनिकेत जाधव, विक्रम प्रताप सिंह, रोहित दानू।

### पहली बार हिस्सा लेगी भारतीय सॉफ्टबॉल टीम

चीन के हांग्झोउ में 23 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों में भारत पहली बार सॉफ्टबॉल के खेल में प्रतिस्पर्धा करेगा। भारतीय सॉफ्टबॉल संघ ने कहा कि एशियाड में हिस्सा लेने के लिए 16-सदस्यीय महिला टीम का चयन किया गया है।

### भारतीय सॉफ्टबॉल टीम

ऐश्वर्या रमेश पुरी, ऐश्वर्या सुनील बोडके, मोनाली मानसिंग नातू, स्वप्नाली सी वेडनेड, सई अनिल जोशी, अंजलि पल्लिकरा, स्टेफी साजी, रिंटा चेरियन, ममता गुगुलोथ, गंगा सोना, ममता मिन्हास, संदीप कौर, कुमारी मनीषा, ईशा, स्वेतासिनी सबर, नित्या मालवी, प्रियंका बघेल (स्टैंडबाय)। अतिरिक्त खिलाड़ी : मनीषा कुमारी, प्रीति वर्मा, चित्रा।

# पराग ने जड़ा दूसरा शतक

## देवधर ट्रॉफी: पूर्व क्षेत्र और उत्तर क्षेत्र जीते

**नई दिल्ली।** रियान पराग के तीन मैच में दूसरे शतक और मणिशंकर मूरासिंह (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पूर्व क्षेत्र ने देवधर ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में पश्चिम क्षेत्र को 157 रन से शिकस्त दी।

पूर्व क्षेत्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सात विकेट पर 319 रन का स्कोर खड़ा किया। जबाव में पश्चिम क्षेत्र की टीम 34 ओवर में सिर्फ 162 रन पर सिमट गई। पूर्व क्षेत्र के लिए पराग ने 68 गेंद में पांच छक्कों और छह चौकों से नाबाद 102 रन की पारी खेली। इसके अलावा उत्कर्ष सिंह ने 52 रन और कुमार कुशाग्र ने 53 रन का योगदान दिया। पश्चिम क्षेत्र की ओर से शम्स मुलानी ने तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए पश्चिम क्षेत्र के लिए हार्विक देसाई ने सर्वाधिक 92 रन बनाए। वहीं उसके पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। पूर्व क्षेत्र के लिए मूरासिंह ने सात ओवर में 28 रन देकर पांच विकेट लिए। एक अन्य मैच में उत्तर क्षेत्र ने राउंड रोबिन मैच में पूर्वोत्तर क्षेत्र को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए पूर्वोत्तर क्षेत्र की टीम 32.1 ओवर में 101 रन पर ऑलआउट हो गई। जबाव में उत्तर क्षेत्र 12.5 ओवर में एक विकेट पर 102 रन बनाकर बड़ी जीत दर्ज की। उत्तर क्षेत्र के लिए हिमांशु राणा ने 52 रन और प्रभसिमरन सिंह ने 40 रन बनाए। उत्तर क्षेत्र की तरफ से स्पिनर मयंक मारकंडे ने 14 रन देकर चार जबकि तेज गेंदबाज मयंक यादव ने 21 रन देकर तीन विकेट लिए।

लोक साहित्य
रुद्र नारायण पाणिग्राही

# समृद्ध है हल्बी लोक साहित्य



छत्तीसगढ़ में बोली जाने वाली हल्बी ने लोक साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कीर्तिमान स्थापित है। हल्बी लोक साहित्य के अंतर्गत लोकगीतों, बाल कथाओं, कहावतों, मुहावरों तथा पहेलियों का समावेश देखने को मिलता है। हल्बी लोकगीतों में मारी रोसोना, छेरका, रीलो, लेजा, तारा, खेलगीत तथा धनकुल व लोक गाथाएं प्रचलित हैं। उपन्यास, कविता, कहानी, निबंध, नाटक और हास्य व्यंग्य विधाओं में भी रचनाएं प्रकाशित और प्रसारित होती रहती हैं। अंचल के वाचिक परंपराओ को भी लिखित रूप में संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। मौखिक लेखन के अतिरिक्त हल्बी में अनुवाद कार्य भी हुए हैं। भाषा बोलियों के प्रचार-प्रसार तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी के लिए आकाशवाणी, दूरदर्शन से भी हल्बी भतरी तथा गोंडी बोलियों पर सतत प्रसारण हो रहा है। हल्बी बोली और भाषा को संरक्षित करने के लिए भी कई तरह से प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में हल्बी को किस तरह से और अधिक समृद्ध बनाया जा सके, इस पर लगातार काम होते रहे हैं। हल्बी में पहले लेखन तथा मुद्रण प्रकाशन हेतु देव नागरी लिपि का प्रयोग होता रहा है, परंतु अब केवल हल्बी की लिपि प्रयुक्त होने लगी है।

पुस्तक समीक्षा

## छत्तीसगढ़ी और सरगुजिहा का तुलनात्मक अनुशीलन




कृति के नाव: छत्तीसगढ़ी और सरगुजिहा का तुलनात्मक अनुशीलन
कृतिकार: डा. सुधीर पाठक
समीक्षक: उमाशंकर 'क्रोधी'
प्रकाशक: वैभव प्रकाशन रायपुर
कीमत: तीन सौ रुपए

छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलों में बोली का अलग अलग प्रभाव दिखाई देता है। जहां चार कोस में पानी और आठ कोस में बानी बदलने वाली यहां चरितार्थ हो जाती है। छत्तीसगढ़ी और सरगुजिहा दोनों ही छत्तीसगढ़ की राजभाषा और लोकभाषा है। इसी तरह का समावेश कृति 'छत्तीसगढ़ी और सरगुजिहा का तुलनात्मक अनुशीलन' में दिखाई देती है। लेखक ने अपने संकलन में काफी मेहनत की है, अनेक उदाहरण सहित पाठकों के समक्ष भाषा-बोली को चित्रित करने का अच्छा प्रयास किया है। आपने विषय-वस्तु के संकलन के लिए बोली और भाषा के जानकारों से भी लगातार संपर्क में रहकर उनसे सहायता लेने में कोई कमी नहीं की, इसी का परिणाम है कि व्यवस्थित रूप से छत्तीसगढ़ी और सरगुजिहा के बोली और भाषा के मिश्रित प्रभाव को जानने और समझने का अच्छा अवसर इस पुस्तक के माध्यम से पाठकों को मिलेगी। इतना ही नहीं छत्तीसगढ़ी भाषा को समृद्ध होने के साथ ही विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों को भी इस पुस्तक का लाभ अवश्य मिलेगा। इस पुस्तक में विषय-वस्तु को सरल बनाने के लिए कई खंडों में विभाजित किया गया है, जिनमें सामान्य परिचय, स्वनिम संरचना, रूप रचना, अर्थ संरचना, लोक साहित्य, उपबोलियों का वर्गीकरण जैसे खंडों को पाठकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जन समक्ष रखने का अच्छा प्रयास किया गया है।

विवेच्य काल में ब्राम्हण धर्म के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में सूर्योपासना भी प्रचलित थी। अभिलेखों में सूर्य के रवि तथा सप्ताशव नामों का उल्लेख मिलता है। खरौद अभिलेख में वहश्क नामक स्थान का उल्लेख मिलता है, जहां सूर्य मंदिर का निर्माण कराया गया था। आदित्य अर्थात सूर्य नारायण की समाधि आज भी नारायणपुर में स्थित है, जो शिव मंदिर के उत्तरी पूर्वी कोने में बनी है। तुम्माण, पाली, जांजगीर, रतनपुर एवं अनेक देवालयों के द्वार मार्गों पर नव ग्रहों में सूर्य अनेक स्थानों पर स्थित दिखाई देते हैं।

# सूर्य देव के उपासकों के प्रमाण प्राचीन मंदिरों में




ऐतिहासिक
डा. पुष्पा तिवारी

ऐतिहासिक तथ्यों के आधार जिसमें वृहत संहिता, विष्णु धर्मोत्तर पुराण, मत्स्य पुराण, श्रीमद्भागवत पुराण आदि धर्म ग्रंथों में सूर्य का एवं उसके रथ का सूक्ष्म वर्णन हमारे छत्तीसगढ़ के प्राचीन मंदिरों में देखने को मिलते हैं। इससे स्पष्ट हो जाता है कि क्रमशः प्रत्येक काल में निश्चित रूप से सूर्य देव की पूजा यहां होती रही है। विवेच्य काल में ब्राम्हण धर्म के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में सूर्योपासना भी प्रचलित थी। अभिलेखों में सूर्य के रवि तथा सप्ताशव नामों का उल्लेख मिलता है। खरौद अभिलेख में वहश्क नामक स्थान का उल्लेख मिलता है, जहां सूर्य मंदिर का निर्माण कराया गया था। आदित्य अर्थात सूर्य नारायण की समाधि आज भी नारायणपुर में स्थित है, जो शिव मंदिर के उत्तरी पूर्वी कोने में बनी है। तुम्माण, पाली, जांजगीर, रतनपुर एवं अनेक देवालयों के द्वार मार्गों पर नव ग्रहों में सूर्य अनेक स्थानों पर स्थित दिखाई देते हैं। जांजगीर के विष्णु मंदिर के पूर्वी द्वार पर सूर्य प्रतिमा स्थापित है। सूर्य की एक प्रतिमा कोटगढ़ के द्वार में भी लगी हुई है।




### सूर्य पुत्र रेवंत की भी साक्ष्य मिलते हैं

सूर्य के पुत्र रेवंत की भी पूजा अर्चना किए जाने के अनेक साक्ष्य मिलते हैं। कल्चुरी नरेश वल्लभराज द्वारा निर्मित रेवंत का प्रसिद्ध मंदिर कोटगढ़ में ध्वस्त अवस्था में है। सूर्य के सात घोड़ों की मूर्तियां अनेक स्थानों पर स्थित हैं। प्रतिमा कला की दृष्टि से सूर्य का अंकन दो प्रकार से होता है-1. उदीय वेश और 2. दक्षिणी वेशभूषा। सिली पचराही से प्राप्त सूर्य की प्रतिमा, भोरमदेव मंदिर के प्रांगण में स्थित सूर्य प्रतिमा कला की दृष्टि से अत्यंत सराहनीय हैं, जिनके दोनों ओर ऊषा तथा प्रत्युषा देवियां विराजमान हैं। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के अनेक स्थलों में सूर्यदेव के चित्रों का अंकन देखा जा सकता है।



# मनमोहक छटा बिखेरता फुलपाड़ जलप्रपात

छत्तीसगढ़ अंचल में कई स्थानों पर प्राकृतिक रूप से बहने वाले झरने देखे जाते हैं, जो शासन के नक्शे में नहीं हैं। ऐसे झरने बरसात के दिनों में पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। कई झरने दुर्गम स्थल पर होने के कारण उभरकर लोगों के नजर में नहीं आ पाते। कई ऐसे झरने हैं जिन्हें स्थानीय निवासियों द्वारा खोज लिया जाता है। ऐसे ही झरनों में जिला दंतेवाड़ा, विकासखंड कुंआकोंडा से कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम पालनार से लगा फुलपाड़ पर्वत स्थित है। यहां दंतेवाड़ा का यह सबसे ऊंचा जलप्रपात है। यह बैलाडीला पहाड़ी क्षेत्र के अरनपुर घाटी के कुरुम नाला से होते हुए फुलपाड़ झरना निर्मित करती हैं। अनुमान लगया जाता है कि यह झरना लगभग 200 फीट की ऊंचाई से गिरती हैं, जिसे पास से देखने से बिल्कुल भी आभास नहीं होता है। इनकी ऊंचाई का अंदाजा लगाने के लिए पास ही स्थित पहाड़ी में चढ़कर देखना होता हैं। सघन वनों के बीच स्थित इस झरना को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। इनको ऊपर और नीचे से दीदार करने के लिए, दो रास्ते हैं, दोनों जगहों पर पक्की सीढ़ियों के माध्यम से पहुंचा जा सकता हैं। झरना स्थल की ऊंचाई तक पहुंचने और वापस आने के लिए सीढ़ियों का निर्माण किया गया है। झरना स्थल तक पहुंचने के लिए कोई उचित प्रबंध नहीं है फिर भी बरसात के दिनों में प्रकृति का आनंद लेने पर्यटक यहां पहुंच ही जाते हैं।





पर्यटन : विश्वनाथ देवांगन

# बइगानी करमा



कला जगत
डा. रमाकांत सोनी

छत्तीसगढ़ अंचल के आदिवासी अंचलों में अनेक तरह के करमा नृत्य की प्रस्तुति होती है। कर्मा नृत्य में कर्म प्रधान तत्वों का समावेश होता है, जिसके माध्यम से आदिवासी अपना मनोरंजन करते हैं। आजकल करमा नृत्य का प्रदर्शन अन्य अंचलों में देखी जा सकती है। करमा नृत्य में संगीत योजना समृद्ध होती है। राग के अनुरूप ही करमा की नृत्य शैली बदलती रहती है। इसमें गीतों का टेक समूह गान के रूप में पदों में गूंजते रहता है। बैगा आदिवासियों के करमा को बइगानी करमा कहते हैं।

### प्रस्तुति

ताल और लय के अंतर से यह चार प्रकार का करमा खाप, करमा लहकी, करमा खरी और करमा झूलनी होता है। गीत के प्रारंभिक भाग को राग कहते हैं। गायन शैली के भेद के अनुसार करमा गीत के झूमर, लंगड़ा, लहकी, ठाड़ा और रागिनी में पांच भेद हैं जो गीत झूल-झूलकर गाए जाते हैं उन्हें झूमर करमा कहते हैं। लहरा कर गाने वाले गीतों को लहकी, एक पैर को झुका कर गाए जाने वाले गीत को लंगड़ा और खड़े-खड़े गाए जाने गीत को ठाड़ा कहते हैं। इसके अलावा आगे पीछे पैर रखकर कमर लचका कर किया जाने वाला नृत्य खेमटा कहलाता है। बइगानी करमा में झूमर करमा का नृत्य सबसे आकर्षक होता है।

सुरता: प्रो. अश्विनी केशरवानी

# लेखन और समाज सेवा को महत्व दिए डा. लोचनप्रसाद शुक्ल

छत्तीसगढ़ अंचल में बिलासपुर जिले के सक्ति तहसील के ग्राम धिरवा में डा. लोचनप्रसाद शुक्ल का जन्म 9 अक्टूबर 1926 को हुआ था। आपकी उच्च शिक्षा रायपुर में हुई। दूधाधारी मठ में रहकर आपने शिक्षा ग्रहण की तथा 'शास्त्रीजी' नाम से लोकप्रिय हुए। आजीविका के लिए आपने जनपद पंचायत द्वारा संचालित चिकित्सालयों में अपनी सेवाएं दी। बाल्यकाल से ही राष्ट्र के प्रति प्रेम उमड़ने के कारण आप आजादी की लड़ाई में भी अपना योगदान दिए। कानून विरोध कार्य करने के जुर्म में आप जेल में भी रहे। रिहा होने के बाद फिर सक्रिय हो गए। आप अच्छे साहित्यकार भी हुए-

मुदित हो शिव कोमल कंठ से, प्रियतमा गिरिजा अवभाव ले।
वसुमति पर शोभित स्वर्ग सा, ऋषभतीर्थ अन्नत प्रभाव है।

आपकी कुछ रचनाएं पत्र-पत्रिकाओं में भी छपी और यही उनकी साहित्यिक यात्रा के लिए प्रेरणा बनी। अपनी लेखनी में आप शोषित, पीड़ति के अलावा प्रकृति चित्रण को आधार बनाया। आपने लिखा-

अवश्य संयोग निवास स्वर्ग का, पुनः मिलेंगे शुचि दिव्य धाम में।
अनेक सम्मान किया सुजान का, विदा हुआ हर्षित मुग्ध प्राण हो।


इसी तरह आपने खंडकाव्य की रचना की, जिसमें पांच सर्ग-वंदना, महिमा, अनुसंधान, आलोकदान, उपदेश दान और संपर्क को महत्व दिए। आपकी लेखनी में खड़ी बोली और ब्रज भाषा का मिश्रण दिखाई देती है।

गांव की कहानी
डा. नीलकंठ देवांगन

# कभी नंद की कोठी हुआ करता था गांव नंदकठी में

नंदकठी में प्रारंभ से ही यादव समाज संपन्न एवं सम्माननीय रहे हैं, यह नंद के वंशज कहलाते हैं। उस जमाने में इनके पूर्वज गौपालन, दुग्ध व्यवसाय के साथ कृषि कार्य भी करते थे। अपने मालिकों के गौ को चराने का काम भी करते आ रहे हैं, साथ ही कृषि कार्य को भी महत्व देते रहे हैं। अपने धान की अच्छी पैदावारी होने पर खपत के अतिरिक्त धान को वे कोठी में संग्रहित रखने के लिए कोठियां निर्माण करते थे।

दुर्ग जिले का शिवनाथ नदी के किनारे बसा गांव नंदकठी अहीर बाहुल्य क्षेत्रांतर्गत आता है। दुर्ग से धमधा मार्ग पर स्थित यह गांव ऐतिहासिक और प्राचीन तथ्यों को उजागर करने में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। नंदकठी में प्रारंभ से ही यादव समाज संपन्न एवं सम्माननीय रहे हैं, यह नंद के वंशज कहलाते हैं। उस जमाने में इनके पूर्वज गौपालन, दुग्ध व्यवसाय के साथ कृषि कार्य भी करते थे। अपने मालिकों के गौ को चराने का काम भी करते आ रहे हैं, साथ ही कृषि कार्य को भी महत्व देते रहे हैं। अपने धान की अच्छी पैदावारी होने पर खपत के अतिरिक्त धान को वे कोठी में संग्रहित रखने के लिए कोठियां निर्माण करते थे। राम कोठी के तर्ज पर जरूरतमंदों को यहां से धान भी मिल जाता था, जो फसल आने पर वापस कर देते थे। पहले इस गांव में इस कोठी का नाम 'नंद कोठी' दिया गया था, जिसके कारण यह गांव नंदकठी कहलाने लगा। अंचल में यह बड़ा गांव है। यहां 30 एकड़ का एक बड़ा तालाब है। यहां का हनुमानजी का काफी प्रसिद्ध मंदिर है। नदी पार के गांवों से जुड़ाव के कारण अब यह गांव व्यापारिक केंद्र भी हो गया है। राम कोठी का निर्माण अब प्रायः कई गांवों में भी होने लगा है।



# हथियाराम मठ में जारी है महामंडलेश्वर भवानी नन्दन यति द्वारा चातुर्मास महानुष्ठान



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अध्यात्म जगत में तीर्थस्थल के रूप में स्थापित 750 वर्ष प्राचीन सिद्धपीठ हथियाराम मठ के 26वें पीठाधिपति एवं जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनन्दन यति जी महाराज इन दिनों अपना चातुर्मास महानुष्ठान संपादित कर रहे हैं। पंडित विनोद उपाध्याय के आचार्यत्व में वैदिक विद्वान ब्राह्मणों के समूह द्वारा किए जा रहे शिवोपासना से समूचे अंचल का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। पुण्य लाभ की कामना के साथ जनपद ही नहीं देश के कोने कोने से शिष्य श्रद्धालु यहां पहुंचकर भाद्रपद पूर्णिमा तक चलने वाले इस महानुष्ठान का हिस्सा बनने के साथ ही बुढ़िया माता का दर्शन पूजन कर रहे हैं।

चातुर्मास की व्याख्या करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनन्दन यति महाराज ने बताया कि चातुर्मास, सनातन वैदिक धर्म में आहार, विहार और विचार के परिष्करण का समय है। चातुर्मास संयम और सहिष्णुता की साधना करने के लिए प्रेरित करने वाला समय है। इसका धार्मिक महत्व ही नहीं, वरन इस दौरान तप, शास्त्राध्ययन एवं सत्संग आदि करने का तो विशेष महत्व है। इसके सभी नियम सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यावहारिक दृष्टि से भी बड़े उपयोगी हैं। चातुर्मास धर्म, परम्परा, संस्कृति और स्वास्थ्य को एक सूत्र में पिरोने वाला समय माना जाता है। चातुर्मास संयम को साधने का संदेश देता है। बढ़ती असंवेदनशीलता के समय में संयम की यह साधना और भी आवश्यक हो जाती है। संयमित आचरण से हम न केवल मन को वश में करना सीखते हैं, बल्कि हमें धैर्य और समझ भरा व्यवहार करना भी आता है। उन्होंने बताया कि चातुर्मास ऐसा अवसर है, जिसमें हम खुद अपने ही नहीं औरों के अस्तित्व को भी स्वीकार कर उसे सम्मान देने के भाव को जीते हैं। चातुर्मास हमें मन के वेग को संयम की रस्सी से बांधने की प्रेरणा देता है। कहा कि स्वास्थ्य की देखभाल और जागरूकता के लिए भी चातुर्मास का बड़ा महत्व है। चातुर्मास धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि आरोग्य विज्ञान व सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति को यदि हम केवल तीन शब्दों में कहना या बताना चाहें तो इसका मतलब अर्पण, तर्पण और समर्पण है। इन तीनों में ही त्याग की भावना समाहित है। यह त्याग समाज के लिए कर्तव्यरूप है, उपकाररूप नहीं। हम किसी पर उपकार नहीं करते, बल्कि यह हमारा कर्तव्यरूप है। हमारे द्वारा किया गया यह त्याग ही अर्पण कहलाता है। पितरों के लिए, माता पिता के लिए किया गया त्याग तर्पण कहलाता है। भगवान के लिए किया गया त्याग समर्पण कहलाता है। हमारा कर्तव्य है कि जिस समाज में हम रह रहे हैं, उस समाज के लिए कुछ करें। कर्तव्य वह कर्म है जिसको करने से पुण्य नहीं मिलता, लेकिन ना करने से पाप जरूर लगता है। उन्होंने कहा कि सिद्धपीठ हथियाराम मठ स्थित मृणमयी बुढ़िया माई के पुण्य प्रताप से यहां की माटी चंदन से भी पवित्र है। इस पवित्र भूमि पर किए गए धार्मिक अनुष्ठान से मन को शांति मिलती है।

गौरतलब है कि सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर व जूना अखाड़े के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनंदन यति जी महाराज द्वारा सिद्धपीठ की गद्दी पर आसीन होने के बाद सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर महादेव, त्रयम्बकेश्वर महादेव, घृष्णेश्वर महादेव, भीमाशंकर महादेव, ओम्कारेश्वर, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, बाबा विश्वनाथ, रामेश्वरम, मल्लिकार्जुन महादेव, केदारनाथ महादेव, बाबा वैद्यनाथ देवधर, परली वैद्यनाथ व नेपाल स्थित पशुपतिनाथ के प्रांगण के साथ ही देश के कोने-कोने में स्थित देवाधिदेव भूत भावन भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग स्थानों पर लगातार चातुर्मास महायज्ञ संपादित किए हैं। फिलहाल विगत वर्षों से चातुर्मास महायज्ञ का संपादन सिद्धपीठ हथियाराम मठ से ही किया जा रहा है। इस वर्ष भी धार्मिक रीति नीति अनुसार लगातार दो माह तक चलने वाले इस अनुष्ठान के दौरान नागपंचमी, रक्षाबंधन, कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी सहित सभी विशेष पर्व और त्योहार पर विशेष पूजन अर्चन किया जायेगा।

## गोसाईपुर मोहांव सहकारी समिति की निर्विरोध अध्यक्ष पुनः पूनम रघुवंशी निर्वाचित, देवेंद्र उपाध्यक्ष निर्वाचित



प्रखर दानगंज वाराणसी। पूनम रघुवंशी पुनः गोसाईपुर मोहांव सहकारी समिति की निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं। मंगलवार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन में पूनम रघुवंशी लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गई। उपाध्यक्ष पद पर देवेंद्र मिश्र निर्विरोध चुने गए। जिला सहकारी बैंक वाराणसी के प्रतिनिधि के लिए धर्मेंद्र रघुवंशी, नागेंद्र रघुवंशी, रेनू व गुलाब निर्वाचित हुए। इन्हें जिला सहकारी फेडरेशन के प्रतिनिधि के रूप में भी निर्वाचित किया गया। स्वतंत्र पाठक व जितेंद्र को केंद्रीय उपभोक्ता भंडार में प्रतिनिधि चुना गया। एडीओ सहकारिता अवधेश सिंह, शाखा प्रबंधक संतोष सोनकर, सचिव धनीशंकर मिश्र,पूर्व प्रधान धर्मेंद्र रघुवंशी, भाजपा नेता अवधेश राय,शशांक रघुवंशी,रवि प्रकाश चंदन, अमन रघुवंशी,पूर्व महामंत्री अमन सिंह,नमन रघुवंशी,एडवोकेट प्रिंस चौबे आदि थे।

## दुवार्सा मे हरिहरात्मक महायज्ञ की निकली भव्य कलश यात्रा हजारों की संख्या मे जुटे श्रद्धालु



प्रखर दूवार्शा /आजमगढ़। दुवार्सा धाम मे प्रारम्भ श्री हरिहरात्मक महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा हाथी घोड़ा और गाजे बाजे के साथ धूमधाम के साथ निकली। बुधवार को कलशयात्रा सिद्ध संत मौनीबाबा के महलिया कुटी से निकलकर दुवार्सा की परिक्रमा करते हुये दुवार्सा मंदिर तक आयी, जहाँ शिवलिंग के पूजन के उपरांत मौनी बाबा यज्ञ शाला मे प्रवेश और पूजन हुआ,इस दौरान मौनी बाबा एवं देवी-देवताओं के जयकारों से समूचा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। हजारों की संख्या में भक्तजनों ने कलश यात्रा और यज्ञ मंडप पूजन मे शामिल होकर पुण्य अर्जित किया। यज्ञ के बारे मे जानकारी देते हुए यज्ञ कर्ता स्वामी शुभम दास जी महाराज ने बताया कि पवित्र पुरुषोत्तम मास मे इस यज्ञ का आयोजन विश्व कल्याण एवं सनातन संस्कृति की रक्षा हेतु किया गया है, जो एक सप्ताह तक चलेगा । जिसमें प्रतिदिन सायं बाल व्यास अंकित जी महाराज एवं उमेशाचार्य जी महाराज की संगीतमयी श्रीराम कथा होगी। इस अवसर पर आश्रम के महंत हरिप्रसाद दास, दैवज्ञ दुवार्सा मण्डल मुन्ना बाबा, पं. सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन, नारायण दास नागा, रामशंकर चतुवेर्दी, राजनाथ पाण्डेय, राममिलन सिंह, हाकिम बाबा, बुलबुल सिंह, महंत संजय पाण्डेय, लालबहादुर चौरसिया लाल, जयप्रकाश दास, संजय सिंह, हरिगोविन्द तिवारी, दीपचंद सहित भारी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## देश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल ने राष्ट्रपति को संबोधित पत्र डीएम को सौंपा



प्रखर वाराणसी। हरियाणा के नूंह में ब्रजमंडल यात्रा में बवाल को लेकर बजरंग दल ने प्रदेशव्यापी आंदोलन कर आक्रोश जताया है। बजरंग दल का ये आक्रोश वाराणसी में भी देखने को मिला। बजरंग दल के कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पहुंचे और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। बजरंग दल ने वाराणसी जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भी सौंपा। अपने पत्रक में राष्ट्रीय बजरंग दल ने राष्ट्रपति को संबोधित पत्र के द्वारा मृतक हिंदुओं के परिजनों को एक करोड़ की आर्थिक सहायता व घायलों को 5000000 की आर्थिक सहायता की मांग की है। साथ ही अवैध रूप से बांग्लादेशी रोहंगिया जिहादी घुसपैठियों को तुरंत पहचान कर देश से बाहर किए जाने की मांग की है। पत्रक देने में बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ता व वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संत गंगा राम दास जी का मना 103वां जन्मोत्सव

प्रखर मनिहारी (गाजीपुर)। मानव धर्म प्रसार प्रवर्तक संत गंगाराम दास जी का 103 वां जन्मोत्सव राम-जानकी कृति मंदिर धाम गुरैनी में धूम धाम से मनाया गया इस अवसर पर आयोजित यज्ञ हवन में वैदिक मंत्रोच्चारण से साधु-संतों व श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख शांति की कामना कर आहुति दी।साधू संतो ने प्रवचन में उपस्थित भक्तगणों को कहा की साधू संत समाज का आईना होता है। इनके प्रभाव से समाज में आपसी मेल-जोल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि संत गंगाराम दास जी ने भौतिकवादी युग में सदाचार सत्य, न्याय, धर्म को आदर्श मानकर मानव धर्म प्रसार के लिए निकल पड़े । राजमणि जी ने कहा कि संत गंगाराम दास जी महाराज कहा करते थे कि भगवान श्रीकृष्ण एवं श्रीराम की जन्माष्टमी मनाने से नहीं बल्कि उनके आदर्श को आत्मसात करने से व्यक्ति का भला होगा देर रात्रि तक भोजन प्रसाद का कार्यक्रम चलता रहा। इस अवसर पर कानपुर से आए संत गजराज दास, गोरखनाथ दास, दीनानाथ दास, कमलेश यादव भानू,योगेश महाराज, मुलायम यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कैलाश यादव, सुरेन्द्र, आदि शामिल रहे।

## 10वीं मोहर्रम के जलूस में राष्ट्र विरोधी पाकिस्तान जिन्दाबाद का लगा नारा, 33 आरोपी भेजे गए जेल लगेगी रासुका



प्रखर जौनपुर। जनपद के थाना मीरगंज स्थित गोधना बाजार में 29 जुलाई 10वीं मुहर्रम पर निकाले गये ताजिए के जलूस में पाकिस्तान जिन्दाबाद जैसे भारतीय राष्ट्र विरोधी नारे लगाने का वीडियो वायरल होते ही पुलिस प्रशासन ने गम्भीरता से लेते हुए लगभग 33 असामाजिक तत्वो के खिलाफ धारा 153ए, 153 बी,285ए, 188, और 505 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज करने के बाद कुल 33 लोगो को गिरफ्तार कर दर्ज मुकदमे के तहत जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। बता दे कि 29 जुलाई का आपत्तिजनक नारे का वीडियो 31 जुलाई को सायंकाल शोसल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्थानीय पुलिस हरकत में आई और पुलिस ने आनन फानन में 33 लोगों को हिरासत में लिया है। सभी से पूछताछ की फिर सभी को दर्ज मुकदमा उपरोक्त में चालान कर जेल भेज दिया है। खबर है कि इस घटना के बाद से प्रशासनिक अधिकारियों सहित गोधना गांव में कई थानों की पुलिस बल तैनात है। इससे गोधना बाजार समेत आस-पास का इलाका पुलिस छवनी में तब्दील रहा। वीडियो में शामिल अन्य की भी तलाश जारी है। बीते शनिवार 28 जुलाई को मुहर्रम पर जगह-जगह से ताजिया के साथ जुलूस निकाला गया। इसी क्रम में थाना मीरगंज क्षेत्र में किशुनदासपुर से एक ताजिया निकला, जिसे अगहुआ चौक पर ले जाकर दफन किया गया। इस दौरान रास्ते में शिव मंदिर के समीप प्राथमिक विद्यालय के पास पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए, जो वीडियो में साफ-साफ सुनाई दे रहा है। इसमे एक युवक माइक पर तरह-तरह के नारे लगवा रहा था। घटना को लेकर परशुराम सेवा संस्थान चौकिखुर्द के पदाधिकारियों ने उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया। हालांकि इसके पहले ही प्रशासन की ओर से इसका संज्ञान ले लिया जा चुका था। सीओ अतर सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही गई। नारा लगाने वालो को हिरासत में लिया जा रहा है। ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाबत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह ने जारी अपने बयान में स्पष्ट रूप से संकेत दिया है कि सभी असामाजिक तत्वो के खिलाफ साक्ष्य संकलित किये जा रहे है सभी के खिलाफ राष्ट्र विरोधी गति विधियों जैसी कार्रवाई संभावित है।

# पुलिस की वर्दी में पिकअप लूटने वाले गैंग का सरगना समेत तीन गिरफ्तार



प्रखर पिंडरा वाराणसी। फर्जी पुलिसकर्मी बनकर पिकअप लूटने वाले गैंग के सरगना समेत तीन फरार अभियुक्तों को बुधवार को फूलपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस इसके पहले गैंग तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर चुकी थी। फूलपुर थाने पर पत्रकार वार्ता के दौरान एसीपी प्रतीक कुमार ने बताया कि 25 जुलाई की रात में बाबतपुर के पास पुलिस वर्दी में खड़े बदमाशों ने वाराणसी से अयोध्या की तरफ जाते समय पिकअप को चेकिंग के नाम पर रोकते हुए उसे लूट लिया था। उसके बाद सुबह वाहन को छोड़ने के लिए डेढ़ लाख रुपये की मांग की तथा न देने पर चौक थाने में सीज करने की धमकी दी। जिसपर शक होने पर पीड़ित ड्राइवर विनोद कुमार निवासी कटरौली थाना रौनाही जनपद अयोध्या ने फूलपुर पुलिस को तहरीर दी। जिसपर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ 384, 395, 412, 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के तलाश में जुट गई। जिसमें तीन दिन पूर्व रोहित आशीष व चंद्रभूषण मौर्य को पुलिस ने पिकअप समेत खालिसपुर में उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह उसे बेचने जा रहे थे।लेकिन सरगना समेत अन्य अभियुक्त फरार चल रहे थे। पुलिस मुखबिर की सूचना पर बुधवार की भोर में पिंडरा ब्लॉक (मंगारी) के सामने शुभम सिंह, शैलेश उर्फ धीरज यादव, राहुल यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। शुभम सिंह निवासी दरबेशपुर व शैलेश उर्फ धीरज निवासी तुल्लापुर दोनो थाना जलालपुर के खिलाफ जलालपुर, फूलपुर, चंदौली के थानों में आधा दर्जन मुकदमे लूट, हत्या, चोरी व गो तस्करी के मुकदमे दर्ज है। वही राहुल यादव निवासी ताला बेला चोलापुर के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार, एसआई शेषनाथ गोंड़, सिपाही दीपक श्रीवास्तव, हरिकेश यादव, संजय यादव, विवेक मिश्रा व रूपचंद सरोज रहे।

## संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं ने दिखाई ग्रीन भारत की झलक



प्रखर पिंडरा वाराणसी। गजोखर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में बुधवार को आयोजित एक दिवसीय संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने भारत के भविष्य की झलक दिखाई। जिसमे ग्रीन इंडिया और सोलर सिस्टम से चलने वाले स्मार्ट सिटी की प्रस्तुति की। गणित, विज्ञान व कम्प्यूटर व सामाजिक विज्ञान के नवाचार पर आधारित मॉडलों की प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने गणित के सूत्र को सरलतम ढंग से व्यवस्थित क्रम में रखने तथा स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत की परिकल्पना पर आधारित मॉडल की सभी ने सराहना की। सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने व सोलर पर आधारित अनेक संयंत्रों के साथ स्मार्ट सिटी बनाने का भी मॉडल प्रस्तुत किया। प्राचार्य नागेश मिश्र ने बताया कि गणित व विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतापगढ़, भदोही, मिजार्पुर, अम्बेडकर नगर, अमेठी, चंदौली व वाराणसी (गजोखर) की छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान उप प्राचार्य कनक पांडेय, , आर के यादव, ए के सिंह, रामाश्रय यादव, राजेश त्रिपाठी, विमलेश पाल, देवेंद्र यादव, दुर्गा प्रसाद, वाई के राम, राजश्री सिंह, वर्षा यादव व पूजा पाल समेत अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एसडीएम को ज्ञापन देकर बाघौचमोड़ पर तत्काल स्पीड ब्रेकर बनाने की किया गया मांग



प्रखर फाजिलनगर कुशीनगर। नगरपंचायत फाजिलनगर स्थित बघौचमोड पर आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना से राहगीरों और क्षेत्रीय लोगों में दहशत है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए छात्रसंघ अध्यक्ष व भाजयुमो के जिलाउपाध्यक्ष सत्यम शुक्ला के नेतृत्व में दर्जनों क्षेत्रीय लोगों ने उपजिलाधिकारी कसया को ज्ञापन देकर तत्काल स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में श्री शुक्ला ने कहा है कि सांसद रमापति राम त्रिपाठी के सहयोग से फ्लाई ओवर के बनाने के लिए धन स्वीकृत हो गया है जल्द ही फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य चालू होगा तब तक यहां स्पीड ब्रेकर का निर्माण करवाया जाए जिससे कि दुर्घटना की संभावना कम हो। स्पीड ब्रेकर बन जाने से क्रासिंग पर गाड़ियों का स्पीड कम हो जायेगा। जिससे लोग काल की गाल में समाने और चोटिल होने से बच जायेंगे। ज्ञापन देने के दौरान ग्रामप्रधान संजय चौरसिया, भाजपा मंडल महामंत्री राणाप्रताप सिंह, पूर्व छात्र नेता मनोज तिवारी , व्यापार मण्डल अध्यक्ष जनार्धन बरनवाल, ग्रामप्रधान नागेंद्र गुप्ता, रामेश्वर सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### एसपी जौनपुर के कार्यालय में पहुंचा दिव्यांग, लगायी न्याय की गुहार

प्रखर जौनपुर। बख्शा थाना क्षेत्र के मगरेतर गांव निवासी प्रमोद कुमार तिवारी ने एसपी जौनपुर को एक पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। आरोप है कि उसके ही पड़ोसी सूरज तिवारी, पवन तिवारी, आकाश तिवारी और करमजीत तिवारी ने प्रमोद के मकान के सीध में डेढ़ फीट अंदर दीवार उठा ली है। दिव्यांग ने जब इसका विरोध किया तो उसे धमका कर शांत कराने का प्रयास किया गया। आरोप है कि इसकी सूचना बख्शा थाने में दी गई और डायल 112 पर दी गई। पुलिस तो आयी लेकिन काम नहीं रोका बल्कि निर्माण कराने में सहयोग दिया। आरोप है कि जब दिव्यांग अपने मकान का बारजा लगवाने लगा तो सभी लाठी डंडा लेकर खड़े हो गए और गाली-गलौज करने लगे और मकान का बारजा ढालने नहीं दिये। स्थानीय थाने पर शिकायत दर्ज न होने पर पीड़ित ने एसपी जौनपुर के कार्यालय में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

### हंगामों के बीच सप्लाई इंस्पेक्टर ने ग्रामीणों का बयान किया दर्ज



प्रखर खेतासराय जौनपुर। क्षेत्र के सैद गोरारी में कोटेदार पर ग्रामीणों द्वारा राशन न देने, घटतौली एवं अनियमितता बरतने के मामले में जिलाधिकारी के आदेश पर आपूर्ति विभाग की टीम ने गाँव पहुँचकर ग्रामीणों का बयान दर्ज किया ।इस दौरान गहमा गहमी के बीच ग्रामीणों ने कोटेदार पर आरोपों की झड़ी लगा दी । ग्राम प्रधान के समझाने बुझाने पर ग्रामीणों शांति हुए ।टीम ने अनुसूचित बस्ती और मुस्लिम मुहल्लों से बयान लिया ।उक्त गांव में ग्रामीण कोटेदार मो गौहर नाहिद खान पर अनियमितता करने, घटतौली समेत कई गम्भीर आरोप को लेकर मुखर है । ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के यहाँ शिकायत की थी । डीएम ने जिलापूर्ति अधिकारी को जाँच करने का आदेश था ।उच्चाधिकरी के निर्देश पर आपूर्ति निरीक्षक शिव शंकर यादव ने अपनी टीम के साथ अनुसूचित बस्ती में ग्रामीणों का बयान कलम बद्ध किया ।बयान के दौरान ग्रामीणों ने टीम के सामने ही आरोप प्रत्यारोप शुरू कर दिया ।थोड़ी देर हंगामे की स्तिथि रही ।प्रधान वसीम के समझाने पर लोग शांति हुए ।टीम ने बारी बारी से उनकी शिकायत सुनी । इस बाबत सप्लाई इंस्पेक्टर शिव शंकर यादव ने बताया कि ग्रामीणों का बयान दर्ज किया गया है ।रिपोर्ट उच्चाधिकारियों की भेजा जाएगा ।दोषी मिलने पर बख़्शा नही जाएगा।

### चोलापुर, सारनाथ, बड़ागांव व पर्यटक थाना के प्रभारी बदले

प्रखर वाराणसी। पुलिस कमिश्नर वाराणसी ने बुधवार को चार थाना प्रभारियों के क्षेत्र में बदलाव किया है। बता दे कि सारनाथ के नए थाना प्रभारी बृजेश सिंह को बनाया गया है। वहीं बड़ागांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पांडे होंगे। लखनऊ ट्रांसफर होने पर स्पेक्टर उपेंद्र सिंह को रिलीव किया गया है। चोलापुर थाना क्षेत्र के नए प्रभारी मिथिलेश श्रीवास्तव व पर्यटक थाना के नए प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी बनाये गए है।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं